RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

**सुविचार**

गुस्सा हमेशा मुर्खता से शुरू होता है...
और पछतावे पर खत्म होता है...
- राजेश उदावत

'विचार और व्यवहार' हमारे
बगीचे के वो फ़ूल हैं, जो हमारे
पूरे व्यक्तित्व को महका देतें हैं।
- एच.एल. खुशाल

जीवन में विलासिता... दिल और आत्मा
की वास्तविक शांति प्रदान नहीं कर सकती है,
लेकिन दोस्त और परिवार आपको बिना
किसी कीमत के यह प्रदान कर सकते हैं।
- अर्पणा चेण्डके

# दैनिक विनय उजाला

### लेफ्टिनेंट जनरल एस अहलावत ने संभाला ब्रह्मास्त्र कॉर्प्स का कार्यभार

कोलकाता (हि.स.)। लेफ्टिनेंट जनरल एस अहलावत ने ब्रह्मास्त्र कॉर्प्स के नए प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुरी से ग्रहण की। कार्यभार संभालने के बाद जनरल अहलावत ने बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कॉर्प्स के सैनिकों की सराहना की। भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय की ओर से एक ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि उन्होंने जवानों से कहा, आपने देश के प्रति त्याग और समर्पण की मिसाल कायम की है।

वर्ष-16, अंक 57 | इंदौर, गुरुवार ● 21 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8

# भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक कदम है गिफ्ट सिटी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी का किया अवलोकन

विनय उजाला

**गांधीनगर/भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी)एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, यह भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार आकार ले रही गिफ्ट सिटी निवेशकों को बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। इसके माध्यम से भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक मानकों से तालमेल रखते हुए मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में प्रभावी रूप से गतिविधियों का संचालन करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के गांधी नगर में साबरमती नदी के किनारे स्थित भारत की पहली ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, भारत का फाइनेंशियल गेट-वे और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) का अवलोकन कर अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गिफ्ट सिटी में स्वच्छता के लिए की गई व्यवस्था के संबंध में विशेष रूप से जानकारी प्राप्त करते हुए ऑटोमेटेड गारबेज एंड वेस्ट कलेक्शन सिस्टम और वेस्ट टनल का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि गांधी नगर, गुजरात में स्थित गिफ्ट सिटी का पूरा नाम गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी सिटी है। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने उद्देश्य से विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित गिफ्ट सिटी को वर्ष 2007 में भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई।



### मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पारदर्शिता बढ़ाने और वास्तविक समय में डेटा प्राप्त करने में सहायक

उल्लेखनीय है कि गुजरात सीएम डैशबोर्ड एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। यह राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं और प्रगति की निगरानी और मूल्यांकन में सहायक है। यह डैशबोर्ड राज्य के प्रशासन को पारदर्शी, प्रभावी और उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। डैशबोर्ड पर योजनाओं की निगरानी और उनकी प्रगति का आंकलन किया जाता है, इससे यह सुनिश्चित होता है कि योजनाएं समय पर और प्रभावी तरीके से लागू हो रही हैं। डैशबोर्ड पर विभिन्न सरकारी विभागों के प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों को ट्रैक भी किया जाता है, यह संकेतक राज्य के विकास और प्रशासन की गति को मापने में सहायक हैं। डैशबोर्ड पारदर्शिता को भी बढ़ावा देने और वास्तविक समय में डेटा प्राप्त करने में सहायक है। डैशबोर्ड स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण व अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार और बेहतर प्रदर्शन में भी सहायक है।

### सीएम डैशबोर्ड नागरिक सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के कामकाज को बेहतर बनाने और नागरिक सुविधा व जनसामान्य के जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांधीनगर में गुजरात सीएम डैशबोर्ड की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने तथा उसके संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त करने के बाद उक्त विचार व्यक्त किए।



### अधिकारियों के साथ बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान निजी भागीदारी चिकित्सा महाविद्यालय बनाने की नीति, छोटी नगर विकास योजनाओं के माध्यम से शहरों के सुव्यवस्थित विकास, पेट्रोकेमिकल्स एवं फार्मास्यूटिकल्स निवेश को बढ़ावा देने, ऊर्जा क्षेत्र में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नीति, राज्य परिवहन तथा पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप (PPP) के माध्यम से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने बसों के संचालन और गुजरात राज्य की सेमीकन्डक्टर नीति पर विचार-विमर्श हुआ।

# प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली सरकार का बड़ा कदम, 50 फीसदी कर्मचारी घर से करेंगे काम

**नई दिल्ली (हि.स.)। राजधानी में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसकी जानकारी साझा करते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पत्रकारों को बताया कि प्रदूषण कम करने के लिए ग्रैप-4 के प्रावधानों के तहत सरकार ने कई कदम उठाये हैं।**

उसी क्रम में दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि अब 50 फीसदी कर्मचारी फिलहाल घर से काम करेंगे। गोपाल राय ने बताया कि अब दिल्ली सरकार के कार्यालय 50 प्रतिशत कर्मचारी क्षमता से खुलेंगे जबकि 50 प्रतिशत कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेगें। आवश्यक सेवाओं वाले 18 विभागों में वर्क फ्रॉम होम लागू नहीं होगा। इसके इम्प्लीमेंटेशन के लिए पर्यावरण विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग और औद्योगिक संघ फिक्की, एसोचैम और सीआईआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली सचिवालय में हुई। उन्होंने बताया कि प्राइवेट संस्थानों के लिए भी 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम करने के लिए निर्देश जारी किया जा रहा है। प्राइवेट संस्थान अपना कार्यालय खोलने का समय 10.30 बजे या 11 बजे रखेंगे। साथ ही अधिक स्टॉफ संख्या वाली प्राइवेट कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए शटल बस सेवा शुरू करें तो अच्छा रहेगा। इसके लिए भी एडवाइजरी जारी की जा रही है। दिल्ली नगर निगम के कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक और दिल्ली सरकार के दफ्तर सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक खुलेंगे जबकि केंद्र सरकार के कार्यालय अपने पूर्ववत समय के अनुसार ही खुलेंगे। पर्यवरण मंत्री ने कहा कि पूरे उत्तर भारत में बदलते मौसम में प्रदूषण का प्रभाव मारक होता जा रहा है। पूरा उत्तर भारत गंभीर प्रदूषण की चपेट में है। दिल्ली सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जैसे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोज़र का छिड़काव, पौधरोपण अभियान और जागरूकता अभियान आदि। पूरे दिल्ली में सड़कों पर 200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन से पानी के छिड़काव का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है। आज ग्रैप-4 के प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ मीटिंग कर आदेश जारी किया गया है कि ग्रैप-4 के नियमों को लागू करवाने में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के धुले जिले में पुलिस ने 10 हजार किलो चांदी की ईंटें जब्त, जांच जारी

मुंबई (हि.स.)। महाराष्ट्र के धुले जिले में पुलिस की टीम ने बुधवार को 10 हजार किलो चांदी की ईंटें जब्त की हैं। जब्त की गई चांदी की ईंटों की कीमत कुल 94 हजार 68 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले की धुले पुलिस स्टेशन की टीम गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार धुले पुलिस स्टेशन की टीम को बड़े पैमाने में शहर में चांदी आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन की तलाशी ली। तलाशी के बाद वाहन में चांदी की ईंटें मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। आज पूरे महाराष्ट्र में राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रहा है। पुलिस की टीम बरामद हुई चांदी किस लिए लाई गई थी, इसकी जांच में जुट गई है।

### जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर

नई दिल्ली (हि.स.)। अक्षय ऊर्जा से जुड़ी तैयारियों और प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन के मामले में भारत शीर्ष 63 देशों की रैंकिंग में 10वें स्थान पर रहा है। हालांकि है पिछले वर्ष के मुकाबले उसकी रैंकिंग में दो स्थानों की गिरावट हुई है। इस रैंकिंग में शीर्ष तीन स्थान रिक्त हैं। जर्मन वॉच नामक थिंक टैंक की ओर से प्रकाशित जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 'द क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडिक्ट' (सीसीपीआई)-2025 ने इन देशों के प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया है। भारत प्रगति आधारित इस रैंकिंग में दसवें स्थान पर है।




# प्रोजेक्ट वीर गाथा 4.0 में देशभर के 1.76 करोड़ स्कूली छात्र हुए शामिल

**नई दिल्ली (हि.स.)। आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित प्रोजेक्ट वीर गाथा के चौथे संस्करण में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.76 करोड़ से अधिक स्कूली छात्र शामिल हुए।**

शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.76 करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों ने प्रोजेक्ट वीर गाथा 4.0 में उत्साहपूर्वक भाग लिया है। छात्रों ने सशस्त्र बलों के अधिकारियों और कर्मियों की बहादुरी और बलिदान के सम्मान में कविताएं, पेंटिंग, निबंध और वीडियो आदि भेजे हैं। मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष परियोजना वीर गाथा 4.0 के तहत, 100 विजेताओं का चयन किया जाएगा और उनका सम्मान शिक्षा मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में संयुक्त रूप से किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा, जिला स्तर पर 4 विजेता और राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर 8 विजेता होंगे और ऐसे सभी विजेताओं को संबंधित जिला और राज्य व केंद्र शासित प्रदेश द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

प्रोजेक्ट वीर गाथा की शुरुआत 2021 में वीरता पुरस्कार विजेताओं की वीरता, निःस्वार्थ बलिदान और साहस की प्रेरक कहानियों और इन बहादुरों की जीवन गाथाओं को छात्रों के बीच प्रसारित करने के उद्देश्य से की गई थी ताकि उनमें देशभक्ति की भावना पैदा हो सके। प्रोजेक्ट वीर गाथा ने स्कूली छात्रों को वीरता पुरस्कार विजेताओं के वीरतापूर्ण कार्यों और बलिदान पर आधारित रचनात्मक परियोजनाओं और गतिविधियों को करने के लिए एक मंच प्रदान करके इस महान उद्देश्य को आगे बढ़ाया। वीर गाथा परियोजना के तीन संस्करण क्रमशः 2021, 2022 और 2023 में आयोजित किए गए हैं। वीर गाथा परियोजना 4.0 के तहत, आज तक स्कूलों ने विभिन्न परियोजनाएं और गतिविधियां (16.09.2024 से 31.10.2024 तक) आयोजित की हैं और प्रत्येक स्कूल से कुल 4 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां माईगॉव पोर्टल पर अपलोड की हैं। इसके साथ ही, स्कूली छात्रों के बीच वीर नायकों और गुमनाम कहानियों के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिए, रक्षा मंत्रालय ने अपने क्षेत्रीय संगठनों या आर्मी, नौसेना और वायु सेना के माध्यम से देशभर के स्कूलों के लिए वर्चुअल बैठकें, आमने-सामने जागरूकता कार्यक्रम और सत्र आयोजित किए हैं। अपनी शुरुआत से ही इस परियोजना में देश भर के छात्रों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

### मणिपुर में इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध अगले तीन दिन के लिए बढ़ा

इंफाल (हि.स.)। मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित सात जिलों में वीसैट और वीपीएन सहित सभी मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं के निलंबन को अगले तीन दिनों के लिए बढ़ा दिया है। राज्य में जारी हिंसा के मद्देनजर शुरू में 18 नवंबर से दो दिनों के लिए इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचंदपुर जिलों में इंटरनेट सेवाओं को निलंबित किया गया था। केवल सरकारी कार्यालयों और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विशिष्ट मामलों के लिए इसमें छूट दी गई थी।

# स्वास्थ्य मौलिक अधिकार, इसे सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : नड्डा

**नई दिल्ली (हि.स.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पेशल ओलंपिक हेल्दी एथलीट्स का उद्घाटन किया।**

इस मौके पर नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य मौलिक अधिकार है और यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति को उनकी पृष्ठभूमि या क्षमता की परवाह किए बिना स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक संसाधनों तक पहुंच प्राप्त हो। भारत सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से इस लक्ष्य की दिशा में अथक प्रयास कर रही है। नड्डा ने कहा कि बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांगता (आईडीडी) वाले व्यक्तियों को पर्याप्त चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के कौशल को बढ़ाना आवश्यक है। उन्हें न केवल शारीरिक लक्षणों को पहचानने के लिए बल्कि आईडीडी वाले लोगों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इसमें विशिष्ट स्वास्थ्य चिंताओं को समझना, सरल भाषा का उपयोग करके प्रभावी ढंग से संवाद करना, सहायक उपकरणों का उपयोग करना और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप दयालु देखभाल प्रदान करना शामिल है। इस मौके पर उन्होंने समावेशी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली विकसित करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को अवसर प्रदान करने में स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्य की सराहना की।

# ऑडियो टेप पर महाविकास आघाड़ी व कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए : भाजपा

**नई दिल्ली (हि.स.)। महाराष्ट्र में विधानसभा सीटों के लिए मतदान के बीच भाजपा ने आरोप लगा या है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विपक्ष बिटकॉइन घोटाले के पैसे का इस्तेमाल कर रहा है।**

भाजपा ने कहा कि सुप्रिया सुले और नाना पटोले के ऑडियो टेप पर महा विकास आघाड़ी और कांग्रेस को स्पष्टीकरण देना चाहिए। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा कि सुप्रिया सुले के ऐसे 4 ऑडियो सामने आए हैं। आज सुप्रिया सुले कह रही हैं कि ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जनरेट किया गया है। वे इस टेप की आवाज को अपनी नहीं मान रही, जबकि उनके अपने भाई कह रहे हैं कि यह उनकी ही आवाज है। उन्होंने कहा कि ऑडियो टेप में साफ तौर पर सुन सकते हैं कि सुप्रिया सुले क्या निर्देश दे रही हैं और सिर्फ सुप्रिया सुले ही नहीं, नाना पटोले को भी सुन सकते हैं कि वह किस तरह कमिश्नर अमिताभ गुप्ता को निर्देश दे रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि जिस तरह से कथित तौर पर ये चीजें हो रही हैं और इसमें करोड़ों रुपये शामिल हैं, हम चाहते हैं कि राहुल गांधी इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करें और अपनी तरफ से स्पष्टीकरण भी दें कि क्या उन्होंने निर्देश नहीं दिए थे नाना पटोले को? सुप्रिया सुले को? ये 235 करोड़ रुपये का लेन-देन दुबई से हो रहा है, इसके पीछे की हकीकत क्या है?

## विधानसभा चुनाव... दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

# महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 58% मतदान

## बीड में निर्दलीय कैंडिडेट की मौत, शरद गुट के नेता की पिटाई, कैश कांड पर हुई बयानबाजी

**मुंबई। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर बुधवार को शाम 5 बजे तक 58.22% मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग गढ़चिरौली में 69.63% और सबसे कम वोट मुंबई सिटी में 49.07% डाले गए। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।**

बीड विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी बाला साहब शिंदे की मतदान केंद्र पर ही हार्टअटैक से मौत हो गई। धुले के एक पोलिंग बूथ पर भाजपा और वंचित बहुजन अघाड़ी के कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई। उधर, कांग्रेस नेता श्रीनिवास क्क्कु ने शिरडी में फर्जी मतदान होने का आरोप लगाया। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए दावा किया कि धुले की रहने वाली लड़की ने शिरडी में वोट डाला।



# झारखंड की 38 सीटों पर 67.76% वोटिंग

## JMM विधायक और भाजपा समर्थकों में धक्का-मुक्की, कल्पना की सीट पर भी बवाल

**रांची/धनबाद/देवघर। झारखंड विधानसभा चुनाव के आखिरी और सेकेंड फेज में बुधवार को 12 जिलों की 38 सीटों पर वोटिंग शाम पांच बजे खत्म हो गई। शाम 5 बजे तक 67.76% वोटिंग हुई है। 2019 के चुनाव में यहां 67.04% वोटिंग हुई थी।**

वहीं, शाम साढ़े चार बजे गिरिडीह के होली स्कूल के बूथ पर JMM और भाजपा समर्थक आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि कुछ लोग बोगस वोटिंग कर रहे थे, इसका भाजपा समर्थकों ने विरोध किया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे JMM विधायक सुदिव्य कुमार सोनू से भी धक्का-मुक्की हुई। इससे पहले दोपहर में भाजपा ने गांडेय विधानसभा के कुंडलवादाह के बूथ नंबर 282 और 338 के पोलिंग एजेंटों पर JMM के पक्ष में मतदान कराने का आरोप लगाया। जानकारी मिलने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लिया है। भाजपा ने CCTV फुटेज भी जारी किया है। गांडेय सीट से सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मैदान में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोई ग्राम कोई फलिया, कोई घर योजना से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें : कलेक्टर डॉ. बेडेकर




**अलीराजपुर, निप्र।** कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बताया कि शासन के हर घर नल एवं हर नल जल उद्देश्य की पूर्ति के लिए जल जीवन मिशन प्रारंभ किया गया। अलीराजपुर में इसके अंतर्गत ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के द्वारा समस्त 539 ग्रामों में नियमित और दीर्घकालीन आधार पर निर्धारित गुणवत्ता वाली पेयजल पूर्ति के लिए 1158 करोड़ की योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत जिले में नल जल आपूर्ति के लिए ककराना में नर्मदा एवं हथनी नदी के संगम पर इनटेक वेल का निर्माण इसके साथ ही 8 मास्टर बेलिसिंग रिजर्वायर , 1 जल शोधन यंत्र एवं 200 से अधिक टंकियों का निर्माण कार्य संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना से कोई ग्राम कोई फलिया एवं कोई घर वंचित न रहे इसके लिए जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम सभाओं के समन्वय से मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश जल निगम को दिए गए थे। जिसके अनुसार 539 ग्रामों नल जल आपूर्ति के लिए अधोसंरचना स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिशत से अधिक कार्य इस 1 हजार करोड़ से अधिक की योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यशाला के दौरान महाप्रबंधक श्री कलम ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत 539 ग्रामों में से 158 ग्रामों को पीएचई द्वारा स्थापित पाइप लाइन एवं 381 ग्रामों को जल निगम द्वारा स्थापित पाइप लाइन के माध्यम से समस्त 1.5 लाख घरों को जलापूर्ति की जाएगी। कार्यशाला के दौरान जन प्रतिनिधि श्री जयपाल खरत ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान जल स्तर कम होने पर जल आपूर्ति में बाधा के विषय मे प्रश्न किया। जिस पर श्री कलम ने बताया कि सरदार सरोवर बांध के न्यूनतम जल स्तर से भी गहरा इनटेक वेल पाइप लाइन निर्माण किया गया है। ताकि इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि शासन द्वारा कार्य योजना इस प्रकार तय की गई है कि आगामी 30 वर्ष के लिए निर्बाध जल आपूर्ति जिले को मिलती रहे।

### गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में उपाध्याय ने पाया तृतीय स्थान




**बदनावर, निप्र।** जवाहर नवोदय विद्यालय मुलथान प्राचार्य दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रात:कालीन प्रार्थना सभा के उपरांत विद्यालय के सभागार में विज्ञान ज्योति फेज 4 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि वैज्ञानिक संहिता चौधरी और विशिष्ट अतिथि वैज्ञानिक संदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे। दोनों ने बच्चों को परमाणु ऊर्जा विभाग की विस्तृत जानकारी देकर विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इस शुभ अवसर पर नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय द्वारा गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय स्थान पाने वाली कक्षा बारहवीं विज्ञान की छात्रा प्रचेता धनंजय उपाध्याय को भी अलंकृत किया एवं इस उपलब्धि पर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन मास्टर आनंदराज ने किया एवं उप प्राचार्य देवेन्द्र सर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बाग परियोजना अधिकारी ने सेक्टर बाग एवं घटबोरी कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**बाग, निप्र।** एकिकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री सेखुन कुरेशी ने सेक्टर बाग एवं घटबोरी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बुधवार को किला कालोनी आंगनवाड़ी केन्द्र पर बैठक ली जिसमें परियोजना अधिकारी कुरेशी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को टीप्स देते हुए कहा की शासन के निर्देशों का प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका पालन करते हुए अपने कार्य को अंजाम दे ताकी हमारा कार्य ही हमारे केन्द्र की पहचान बने। क्योंकी मे कार्य में विश्वास रखती हूं कार्यवाही पर नहीं कार्यवाही करने में कोई समय नहीं लगता है ।पर मेंरा एसा मानना हे आपका काम अच्छा होगा तो हमें कार्यवाही वाला कदम उठाना ही नहीं पड़ेगा आज मेरा आपसे इतना ही कहना हे आंगनवाड़ी केन्द्र समय पर खुले ओर केन्द्र की समस्त जानकारी कम्पलीड हो ।साथ ही कुरेशी ने यह भी बताया की केन्द्र पर अधिकतर बच्चे छोटे होते हैं उनका सहायिका ओर कार्यकर्ता दोनों पुरा ध्यान रखें मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को भी देखी जाए ताकी बच्चों के स्वास्थ पर बुरा असर ना हो केन्द्र पर साफ सफाई का ध्यान रखें एवं बच्चों की सफाई का भी ध्यान रहे पोषण आहार का वितरण बराबर हो बच्चो का वजन समय समय पर किया जाए कुपोषित बच्चों को एंन आरसी में भर्ती करवाने का भी प्रयास करें। इस तरह बैठक में कार्यकर्ताओं को परियोजना अधिकारी द्वारा समझाइश दी गई। वही सेक्टर प्रभारी श्रीमती संगीता बघेल ने भी केन्द्रों की गतिविधियों से परियोजना अधिकारी को अवगत करवाया बैठक में सेक्टर बाग एवं घटबोरी की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

---

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग

# विधानसभा चुनाव 2024-महाराष्ट्र लोकतंत्र के प्रति आयोग का योगदान

विनय उजाला




**झाबुआ, निप्र। महाराष्ट्र में चल रहे विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् महिला बाल विकास आयोग के शीर्ष नेतृत्व ने अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करते हुए लोकतंत्र को सशक्त करने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोग के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और समाज को जागरूकता का संदेश दिया कि देश की प्रगति में हर एक नागरिक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम मिश्रा, संस्थापिका श्रीमती शांतिदेवी मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती अक्षता भट, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती आँचल मिश्रा, तथा मुख्यमहासचिव डॉ. रविंद्र मिश्रा ने पूरे परिवार के साथ मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। यह कार्यक्रम न केवल उनके कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वे अपने कार्यों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र मिश्रा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा- मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। जब देश के हर नागरिक यह जिम्मेदारी निभाएगा, तभी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी। हमारा संदेश यही है कि हर व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करे और अपने देश के भविष्य निर्माण में सहभागी बने। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दयाराम मिश्रा ने कहा- आज का दिन देश के लिए समर्पण का दिन है। हर व्यक्ति का वोट ही उसके अधिकार और देश की दिशा तय करता है। हमारा यह कदम देश के नागरिकों को प्रेरित करने के लिए है कि वे भी अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दें। संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती अक्षता भट ने महिलाओं और युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित करते हुए कहा- महिलाएं और युवा समाज का भविष्य हैं। जब वे मतदान करेंगे, तो देश का विकास सुनिश्चित होगा। इस प्रक्रिया में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् महिला बाल विकास आयोग ने इस महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया के दौरान आम जनता से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्र के विकास के लिए यह सबसे अहम कदम है। आयोग ने यह भी कहा कि सभी मतदाता भयमुक्त और निष्पक्ष होकर मतदान करें। यह प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने और हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का स्मरण कराने का एक महत्वपूर्ण कदम है। लोकतंत्र की सफलता तभी संभव है जब हर नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों का संतुलन बनाए रखे।

---

# कलेक्टर नेहा मीणा और एसडीएम तनुश्री मीणा की सराहनीय पहल

### ठंड से बचाव किए कम्बल वितरण, आमजन में हो रही सराहना

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** जिला कलेक्टर नेहा मीणा ओर पेटलावद अनुभाग की नवागत एसडीएम तनुश्री मीणा लगातार अपने प्रशाशनिक कार्यो ओर शाशन की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के लिये निरन्तर प्रयासरत है और अपने इन्ही कार्यो से पूरे जिले ओर अनुभाग मे आमजन में कलेक्टर नेहा मीणा ओर एसडीएम तनुश्री मीणा की सराहना भी हो रही।

अपने इनही सराहनीय कार्यो को आगे बढ़ाते हुये पुन: कलेक्टर नेहा मीणा के निर्देश पर एसडीएम तनुश्री मीणा ने मंगलवार रात्रि में नगर के वार्ड 15 तलाबपाडा में पहुचकर जरूरत मंद गरीब लोगो को सर्दी व ठंड से बचाव के लिये कम्बल वितरित किये। एसडीएम मीणा के साथ तहसीलदार हुकुमसिंह निगवाल ,राजस्व निरीक्षक रवि नरगेस, पटवारी ईश्वर पाटिदार ओर वार्ड 15 के पार्षद चंदा मेडा के पति राजू मेडा भी उपस्थित रहे जिन्होंने भी कम्बल वितरण किये। सर्द रातों में




ठंड से बचाव के लिये कम्बल पाकर गरीब लोगो के चेहरों पर मुस्कान आयी और सभी ने कलेक्टर एसडीएम की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। अधिकारीयो की इस अभिनव पहल की आमजन मे काफी सराहना हो रही है।

---

### एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यशाला का आयोजन हुआ

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी खरत की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के जिला पंचायत सदस्य श्री भदू पचाया, सुश्री हजरी अजनार, मांगीलाल चौहान, श्रीमती विनूरा कनेश, प्रभारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह बघेल, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि मिश्रा भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ बेडेकर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती खरत द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत महाप्रबंधक जल निगम श्री कुलदीप कलम एवं ईई पीएचई श्री एसआर मेडा ने किया। इस कार्यशाला में जिले के 20 से अधिक विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे। कार्यशाला में प्रबंधक जनसहभागिता श्री राम लखन गुप्ता ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं रूपरेखा की जानकारी दी।

---

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित हुआ बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर गरिमामयी आयोजन्न

**बच्चों ने लगाई आकर्षक प्रदर्शनी, एसडीएम तनुश्री मीणा और जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक सहित अतिथियों ने की सराहना**

मनोज पुरोहित




**पेटलावद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेटलावद में जनजातीय गौरव दिवस एवं बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष में मंगलवार को एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से पेटलावद एसडीएम सुश्री तनुश्री मीणा व मुख्य अतिथि भीम सिंह जी डामोर जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, हरिशंकर पवार वरिष्ठ पत्रकार, ग्राम पंचायत सारंगी की सरपंच फूंदीबाई मेडा, करडावद सरपँच रामलाल सिंगाड, जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक प्रवीण पवार, पेटलावद प्राचार्य ओंकारसिंह मेडा ओर प्राचार्य नीलम भारती ओर स्टॉफ शहित छात्र छात्राओं ओर अभिभावकों की मौजूदगी रही।

#### पारम्परिक रूप से हुआ आयोजन का शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य नीलम भारती ने दिया और अतिथियों का पारम्परिक तरिके से पुष्पहार पहनाकर ओर पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया।

#### बच्चों ने तैयार की आकर्षक प्रदर्शनी

एसडीएम तनु श्री मीणा और अतिथियो के द्वारा बच्चों द्वारा लगाई गई आदिवासी रहन सहन व योजनाओ के बारे बताई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कार प्रशंसा कि गई। बच्चियों द्वारा संगीत सीखने ओर आर्ट एंड क्राफ्ट के बारे में प्रश्न किए गए, बच्चियों के परंपरा व्यंजन को चखकर बहुत आनंद लिया गया। बच्चों द्वार नागा नृत्य और जनजाति नृत्य, गीत की शानदार प्रस्तुत दी गईं।

#### वरिष्ठ पत्रकार हरिशंकर पवार, प्राचार्य नीलम भारती ओर ने बच्चों को पर्यावरण के बारे में दी जानकारी

वरिष्ठ पत्रकार हरीश जी पवार के शब्दों ने सभी को आज की वास्तविकतआ और पुराने अनाज और औषधीय पौधे के बारे में प्रश्न किए की क्या हम बिरसा मुंडा जी को और उनके सपनो को पूरा कर रहे हे, श्री ओंकार सिंह मईडा ओर प्राचार्य नीलम भारती ने सभी को सहयोग ओर बच्चों को कविता के माध्यम से बचपन बहुत ही कोमल हे इसे अच्छे काम में आगे बढ़ाने और दिल्ली में पर्यावरण को बहुत ही घातक बताते हुए कहा कि यही का वातावरण बहुत शुद्ध हे जो सभी लोगों के प्रयास से हुआ है आगे भी सभी पौधे लगाए। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक अनुज जी मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों व अभिभावको को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम सफल सन्चालन शिक्षिका वर्षा बलदेवसिंह राठौर ने किया।

#### एसडीएम तनुश्री मीणा ने बच्चो को दी पढ़ाई और संस्कारों की प्रेरणा

एसडीएम तनुश्री मीणा द्वारा बच्चों को अच्छे पढ़ने अच्छे संस्कार व अपने मूल उद्देश्य को पहचान कर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया उनके द्वारा बच्चों और अभिभावकों को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया वह अभिभावकों को निवेदन किया कि बच्चों के विकास में सहायक बने।

#### जन अभियान परिषद के भीमसिंह डामर बताया बिरसा मुंडा का जीवन चरित्र

भीमसिंह डामर ने बिरसा मुंडा जी के जीवन की कठिनाई ओर संहर्ष। को बताते हुए कहानी और जीवन के अपने अपने मूल्यों की जिम्मेदारी को बताया, माता पिता के व्यवहार और काम का प्रभाव बच्चों पर पड़ता हे इसलिए उन्हें नशा और बुरी बातों को त्याग करना चाहिए तभी अच्छे भविष्य का निर्माण हो पाएगा।

---

### सीएम राइज बाग में जनजातीय गौरव दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

विनय उजाला



**बाग, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा के जन्मदिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 15 नवंबर से दिनांक 26 नवंबर तक विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाना है जिसके तहत शासकीय सी एम राईज विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा आधारित रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 12वीं की छात्रा कु.भावना बामनिया, निकीता सुर्यवंशी, बबीता जमरा, रेखा, लक्ष्मी बघेल, के द्वारा जनजातीय शहीदों के चित्र विभिन्न आकर्षक रंगों द्वारा बनाए। कविता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शहीदों की गाथाएं गीतों में प्रस्तुत की। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल, एलएन पंवार, दिनेश अजनारे,पारस परिहार, श्रीमती नीतू यादव एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### भाजपा के बूथ अध्यक्ष की कार्यकारिणी गठित


**बाग, निप्र।** ग्राम भमोरी शक्ति केंद पर शक्ति केंद्र प्रभारी सुरेश सिसोदिया व निवार्चन अधिकारी धर्मेंद्र सोलंकी की उपस्थिति में उत्सव पर्व मनाया ।इस दौरान श्री सुरेश सिसोदिया ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए भाजपा में संगठन सर्वोपरि होता है संगठन को सर्वोपरि मानकर हमें पार्टी में कार्य करना चाहिए इसी को लेकर प्रत्येक बुथ स्तर पर इस संगठन उत्सव पर्व के रूप में मनाया जा रहा है निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र सोलंकी ने कहां की भारतीय जनता पार्टी दुनिया की एकमात्र पार्टी भाजपा है जिसका संगठन बुथ त्तक हैं हम अपने क्षेत्र में रहकर जनता का कार्य करें शासन की जन कल्याणकारी योजना का प्रचार प्रसार करें और जनता को इसका लाभ दिलवाये सभी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं की समिति ने भमोरी बुथ अध्यक्ष प्रेम सिंह जमोद एव देवझरी बुथ अध्यक्ष पवन बघेल को नियुक्त किया गया ।कार्यशाला में शवित केन्द्र प्रभारी सुरेश सिसोदिया, निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र सोलंकी,पुनम बघेल, सुनिल जामोद, रमेश जामोद, मुकाम भंवर , कमलेश डोडवे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

**शीतलहर में नीला नजर आ रहा है, लाइट और आसमान के रंग के बीच खिल उठा मांडू का जहाज महल नीले रंग से**

# विश्व बाल दिवस के अवसर पर प्रमुख इमारतों का रंग नीला

सोमनाथ तिवारी



**मांडू। मांडू के जहाज महल को कल के लिए नीले रंग की रोशनी से रोशन किया गया आज, पूरे जहाज महल परिसर में नीले रंग की आकर्षक लाइट लगाई गई है। और इन दोनों आसमान का रंग भी शीत लहर में नीला नजर आ रहा है।**

लाइट और आसमान के रंग के बीच खिल उठा मांडू का जहाज महल नीले रंग से बाल अधिकारों के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए यूनिसेफ ने अपने 'गोब्लू' थीम के तहत ऐतिहासिक और ऐतिहासिक इमारतों को नीले रंग से रोशन करने के लिए मध्य प्रदेश पर्यटन (एमपीटी) विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के साथ साझेदारी की है। बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ ने बाल अधिकारों के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी 'गो ब्ल्यू' थीम के तहत ऐतिहासिक इमारतों को नीले रंग में रंगने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन (एमपीटी) विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के साथ साझेदारी की है। दरअसल, 20 नवंबर को विश्व बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है. यूनिसेफ, नागरिक संस्था संगठन इस दिन और सप्ताह को बाल अधिकार सप्ताह के रूप में मनाते हैं. गो ब्ल्यू इस साल के विश्व बाल दिवस की थीम में से एक है, जिसक अर्थ बाल अधिकारों के लिए खड़ा होना है।

#### हर बच्चा सुरक्षित और समर्थित हो और अपने दिन में नीले रंग को शामिल करे

विश्व बाल दिवस के लिए यूनिसेफ का 'गो ब्ल्यू' अभियान लोगों को कुछ नीला पहनकर, ऑनलाइन अपनी प्रोफ़ाइल तस्वीर बदलकर, एक ऐसी दुनिया की मांग करने के लिए याचिका पर हस्ताक्षर करके बच्चों के अधिकारों के लिए समर्थन दिखाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जहां हर बच्चा सुरक्षित और समर्थित हो और अपने दिन में नीले रंग को शामिल करे।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुक्त द्वारा झोन 17 के जीटीएस स्टेशन का निरीक्षण, कचरा संग्रहण वाहन की नियमित सफाई व रंग-रोगन के दिये निर्देश



**इंदौर, (विनय उजाला)।** आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा प्रतिदिन शहर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के क्रम मे आज झोन क्रमांक 17 के विभिन्न क्षेत्रो सहित नरवल स्थित जीटीएस (गारबेज ट्रांसफर स्टेशन) स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी, जीटीएस प्रभारी, वर्कशॉप प्रभारी व अन्य उपस्थित थे। आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा झोन क्रमांक 17 के जीटीएस के निरीक्षण के दौरान जीटीएस पर आने वाले डोर टू डोर कचरा संग्रण वाहन की स्थिति का जायजा लिया गया, इस दौरान डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन के जीटीएस में खाली होने के पश्चात भी वाहन में कचरा पडा होने पर जीटीएस प्रभारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आयुक्त श्री वर्मा द्वारा झोन क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन की नियमित सफाई करने तथा ऐसे वाहन जिनमें रंग-रोगन की आवश्यकता हे, ऐसे डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन की रंगाई-पुताई कराने के भी वर्कशॉप प्रभारी को निर्देश दिये गये।

### श्रीमद भागवत गीता पर स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित



**इंदौर, नप्र।** मध्यप्रदेश सरकार एवं संस्था इस्कॉन द्वारा श्रीमद भागवत गीता पर स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मॉरल वैल्यू एज्युकेशन के तहत आयोजित इस परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को मुख्यमंत्री के हाथों एक लाख रुपये द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 51,000/- रु एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 21,000/- हजार का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस्कॉन उज्जैन के प्रतिनिधि श्री रामशरण दास एवं आकाश पाल ने आज शा पीएम श्री अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 में छात्राओं को विस्तार से इस प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य दीपक हलवे ने कहा कि इस प्रतियोगिता में मप्र में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी निशुल्क भाग ले सकते है। आगामी 26 से 29 तारीख के मध्य प्रतिदिन दोपहर 12 से 1 के मध्य ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा की नियमावली और पाठ्यक्रम www.gitacontest.in पर उपलब्ध है। प्रदेश के प्रत्येक जिले से कक्षा 9 से 12 तक की कक्षा से एक एक प्रतिभागी का चयन होगा। ये प्रतिभागी आगामी 12 दिसम्बर को गीता जयंति उत्सव पर उज्जैन में परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रदेश स्तरीय परीक्षा के प्रतिभागियों को सरकार द्वारा टीए डीए का भुगतान किया जाएगा।

# अहिल्या पुस्तकालय का 63वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

## 25 शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों के 255 विद्यार्थी एवं शिक्षक हुए शामिल

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शासकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय का 63 वा स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। पुस्तकालय प्रमुख एवं सचिव श्रीमती लिली डावर ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक क्षेत्र क्रमांक 3 श्री गोलू शुक्ला थे।संभागायुक्त एवं पुस्तकालय की परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न आयोजन में इंदौर शहर के 25 शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों के 255 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि मोबाइल ने हमारी दो पारंपरिक आदतें बदल दी है,पहला सुबह सूर्योदय के पूर्व उठना एवं दूसरा पुस्तकें पढ़ना,उन्होंने बच्चों को पुस्तकें



एवं पुस्तकालय का महत्व बताते हुए उनसे जुड़ने को प्रेरित किया। विधायक श्री गोलू शुक्ला ने कहा कि पुस्तकें पढ़ने से ही व्यक्ति ज्ञान प्राप्त करता है और महान कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय के लिए अब एक साथ बहुत सारे विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था वाले स्थान का निर्माण कराएंगे। विधायक एवं संभागायुक्त महोदय दोनों ने पुस्तकालय प्रमुख श्रीमती लिली डावर एवं उनकी टीम के कार्य की प्रशंसा की। पार्षद पंखुड़ी दोशी ने नवग्रह नक्षत्र उद्यान को और विकसित करने का बीड़ा उठाया।इस अवसर पर

शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का भी



आयोजन किया गया, जिसका विषय था, जीवन में पुस्तकालय का महत्व जिसमें प्रथम स्थान शासकीय सी एम राइस मल्हारश्रम विद्यालय की कु. प्रियांशी अस्तोलिया,द्वितीय स्थान विजय नगर यू मा. वि की कु हिमांशी पटेल एवं तृतीय स्थान सुभाष यू मा विद्यालय के कृष्णा विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः 3000, 2000 एवं 1000 रु की राशि पुरस्कार स्वरूप एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक श्री राजीव झालानी, प्राचार्य माहेश्वरी महाविद्यालय, श्रीमती रेणुका पिंगल, राष्ट्र सेविका समिति की मध्यभारत प्रांत की सह संपर्क प्रमुख,श्रीमती संध्या राय चौधरी, साहित्यकार एवं महासचिव लेखिका संघ रहे। इस अवसर पर समिति सदस्य वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद् श्री कृष्णकुमार अस्थाना,सामाजिक कार्यकर्ता श्री जयंत भीस,एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अनिल भंडारी भी उपस्थित थे।

इस पूरे आयोजन में पुस्तकालय परिवार की मेघना चार्ल्स, दीपक परमार, पूर्णिमा पांचाल, रागिनी गौड़, रत्नेश देवलास, अखिलेश आशीर्वाला, रोहित खैर, सौरभ सिरसात,राकेश यादव, संजय शिंदे,अलका शिंदे, राहुल यादव ने सक्रिय सहभागिता की। इस भव्य, गरिमामय कार्यक्रम का उत्कृष्ट एवं सधा हुआ संचालन संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य पंडित गोपाल बैरागी ने किया।

### कृषि उपज मंडी में आने वाले किसानों को ना हो किसी तरह की परेशानी

# किसानों को उपज का उचित दाम मिले : कलेक्टर सिंह

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** कलेक्टर आशीष सिंह आज लक्ष्मीबाई नगर स्थित कृषि उपज मंडी समिति पहुंचे। यहाँ उन्होंने किसानों एवं व्यापारियों से चर्चा की। उन्होंने सोयाबीन खरीदी का जायजा लिया तथा उचित मूल्य पर उपज खरीदी के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्रेडर मशीन लगाये जाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, उप संचालक कृषि श्री शिव कुमार राजपूत, उपायुक्त सहकारिता श्री मदन गजभिये, मार्कफेड डीएम श्री अर्पित तिवारी, मंडी सचिव सहित कृषकगण एवं व्यापारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि सोयाबीन





विक्रय करने आए किसानों को मंडी में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। मंडी परिसर में मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों एवं व्यापारियों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को जाना। व्यापारी एवं किसानों द्वारा बताया गया कि कृषि उपज मंडी परिसर में अतिक्रमण है, उसे हटाया जाए। रात्रिकालीन में असामाजिक तत्वों से सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध हो। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अतिक्रमण हटाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उर्वरक गोदाम का निरीक्षण करते हुए स्टॉक की स्थिति का जायजा भी लिया।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि स्टॉक की उपलब्धता और खपत पर निगरानी रखी जाए। कृषकों को यूरिया एवं डीएपी के लिए किसी तरह की परेशानी ना हो। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह केंद्रीय भंडार गृह क्रमांक 5 पहुंचे। यहाँ उन्होंने भंडारण की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंनें सोयाबीन मशीन से मॉइश्चर जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। श्री सिंह ने तराना स्थित बाबा महाकालेश्वर वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा की।

### कॉमेडियन सुनील पाल की धमाकेदार फिल्म कॉफी विथ एलोन

विनय उजाला




कॉमेडियन सुनील पाल डिप्रेशन का सामना कर रहे लोगों में जागरुकता पैदा करने के लिए एक धमाकेदार फिल्म कॉफी विथ एलोन ले कर आ रहे हैं। इस फिल्म में कॉमेडी का भी समावेश कर यह संदेश दिया गया है कि अगर कोई अकेला रहने लग रहा है तो उसे समझने की जरूरत है। अगर किसी को बहुत गुस्सा आ रहा है तो कम से कम परिवार के लोग उसे व्यक्तिगत रूप से समय दें और उसकी बातों को समझें तो उसे डिप्रेशन जैसे खतरे से बाहर निकाला जा सकता है। अगर परिवार के लोग ही परिवार के सदस्यों के मनोभाव को नहीं समझेंगे... अगर हमेशा साथ में वक्त गुजारने वाला मित्र हमें नहीं समझेगा तो कौन समझेगा? यह फिल्म इन्हीं चीजों पर आधारित है। कॉफी विथ एलोन की मेकिंग की विस्तृत चर्चा करते हुए बॉलीवुड के प्रसिद्ध कॉमेडियन सुनील पाल कहते हैं आज के समय में हर कोई अपने जीवन में संघर्ष कर रहा है। कुछ लोगों को अगर सही समय पर सफलता नहीं मिलती तो वह अंदर ही अंदर घुंटने लगते हैं। उदास, निराश या चिंतित महसूस करना, छोटी-छोटी बातों पर ज़्यादा गुस्सा आना, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होना जैसी कई समस्याएं होनी लगती है, जो डिप्रेशन के लक्षण हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में मैने अवसाद से घिरे लोगों की तकलीफ को काफी करीब से देखा है और महसूस किया है। प्रतिफल स्वरूप ये फिल्म सामने है जिसका मुख्य उद्बेश्य है समाज में जागरूकता पैदा करना।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# जिला स्तरीय खो-खो पुरुष प्रतियोगिता का समापन

विनय उजाला

**महू, निप्र।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू, इंदौर में जिला स्तरीय खो-खो (पुरुष) स्पर्धा का समापन किया गया। जिसमें यूटीडी स्पोर्ट्स एसोसिएशन, इंदौर विजेता एवं जी. ए. सी. सी. इंदौर उपविजेता रहा।मुख्य अतिथि डॉ.शोभा जैन द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल वितरित किए गए। जिला स्तरीय एवं संभागीयस्तरीय प्रतियोगिता का प्रतिवेदन क्रीड़ा अधिकारी डॉ धारा शेगांवकर द्वारा पढ़ा गया।

मुख्य अतिथि डॉ शोभा जैन भूतपूर्व प्राचार्य ने अपने प्रिय खेल पारंपरिक खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन में उद्बोधन देते हुए कहा कि- खो-खो पारंपरिक खेल टैग का एक रूप है जो प्रागैतिहासिक भारत से शुरू हुआ। यह एक अनूठा स्वदेशी खेल है, जो युवाओं में ओज और स्वस्थ संघर्षशील जोश भरने वाला है। कस्तूरबा ग्रामीण संस्थान इंदौर की क्रीड़ा अधिकारी डॉ पूनम कौशिक पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थी,जिन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महू महाविद्यालय का खो-खो का मैदान बिल्कुल राष्ट्रीय स्तर का बना है।





एडवोकेट निलेश पाटीदार जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने नई ऊर्जा से भरपूर उत्साहित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि - खो-खो एक पारंपरिक खेल है जिसका इतिहास प्राचीन भारत से है। यह कबड्डी के बाद भारतीय उपमहाद्वीप में दूसरा सबसे लोकप्रिय पारंपरिक टैग खेल है।

संस्था की प्रभारी प्राचार्य डॉ रौशन बेंजामिन ने अपने उद्बोधन में कहा कि- खो-खो खेल पीछा करने वाले और प्रतिरक्षक दोनों में अत्यधिक तंदुरुस्ती, कौशल, गति और ऊर्जा को बढ़ाता है।

आज संभाग स्तर की खो-खो टीम का चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ बी. जे. पाटिल, डॉ एम. के. मिश्रा एवं डॉ निलेश मंडलोई चयन समिति के रूप उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में सुनील शुक्ला अंपायर, नरेंद्र जी, शुभम प्रजापति एवं गोपाल जायसवाल रैफरी के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ धारा शेगांवकर क्रीड़ा अधिकारी एवं आभार डॉ अभिलाषा ठाकुर द्वारा व्यक्त किया गया।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने बताया कि दिनांक 28 एवं 29 नवंबर 2024 को संभागस्तरीय पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# शासकीय उत्कृष्ट उमावि देपालपुर में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**देपालपुर, निप्र।** शासकीय उत्कृष्ट उमावि देपालपुर में शासन के निर्देशानुसार, ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं जादू नहीं विज्ञान है थीम पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन से किया गया।इस ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री योगेंद्र गीते (प्राचार्य हाई स्कूल चांदेर) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री माधव सिंह बामनिया (विकासखंड शिक्षा अधिकारी-देपालपुर), विशेष अतिथि के रूप में श्री माता प्रसाद गौड़ (खंड स्त्रोत समन्वयक-देपालपुर), श्री उपवन शर्मा (प्राचार्य-शासकीय उमावि गिरोता) एवं श्री रामेश्वर मंडलोई(प्रधान पाठक-शा. कन्या मा.वि. बेटमा) मंच पर विराजमान थे। स्वागत भाषण विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री संजय चेतवानी द्वारा दिया गया। तत्पश्चात मंच पर आसीन अध्यक्ष महोदय,मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन के जरिए इस कार्यक्रम के महत्व को छात्रों को समझाया एवं प्रतियोगिता हेतु सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी। ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी अंतर्गत पर्यावरण,गणित,सा.वि., विज्ञान



### जादू टोने व अंधविश्वासों को दूर करने हेतु

जादू नहीं विज्ञान है समझाना समझाना आसान है थीम पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विज्ञान नाटिका,प्रश्न मंच एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन दोनों प्रतियोगिता में ब्लॉक से पधारे गए विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, इन दोनों प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का उत्साह देखते ही बनता था। इस कार्यक्रम हेतु सफल मंच संचालन श्री दिनेश परमार सर ने किया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती प्रेमलता पंवार मैडम ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों व छात्रों का योगदान सराहनीय रहा।

आदि विषयों पर माध्यमिक स्तर एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर विभिन्न आकर्षक, ज्ञानवर्धक, प्रेरक व उत्कृष्ट मॉडलों का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक श्री राकेश चौहान, श्रीमती अर्पणा कश्यप, श्रीमती रजनी गौड़, श्रीमती भारती कमेरिया, श्री जाहिद खान, कु.रोशनी तोंडर,श्री सोहन सिंह परमार, श्री वैभव सेन,श्रीमती हेमलता पाठक,श्री दिनेश मालवीय, कु.खुशबू अंगूरे, श्री जयपुरी गोस्वामी, श्री राजेश मुंडिया, श्री दिनेश शास्त्री, कु.वसुंधरा राजपूत,श्रीमती रेखा रावल, श्रीमती रंजीता अहीरे,श्रीमती राजेश्वरी तोमर आदि सभी उपस्थित थे।

FOR SALE

MP 41 ZG 0863
TRACTOR - New Holland
(3600-2 2WD)
MODEL - 2023
CHASSIS No.-
NHN36020Z PE 655284
ENG NO.- 406599DX

सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
फर्स्ट फ्लोर, मकान नंबर-131, वार्ड नंबर-12
नेमावर रोड़, बागड़ी कॉम्पलेक्स, खातेगांव (जिला-देवास) म.प्र.
MOB - 9109144372, 9109107965

पश्चिम रेलवे

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/65/2024, दिनांक : 18.11.2024

| स.क्रं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 722 | ओवरहालिंग किट | 830 Set | 12-Dec-24 |
| 723 | ईपी रिले वाल्व के लिए रखरखाव किट का सेट | 260 Set | 13-Dec-24 |
| 724 | 24 फाइबर आर्मर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल | 80.1 KM | 16-Dec-24 |
| 725 | इक्वलाइज़र, लिंक और कम्पेनसेटिंग बीम का सेट। | 54 Set | 16-Dec-24 |
| 726 | माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड कम एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम | 42 Set | 16-Dec-24 |
| 727 | एक्सल बॉक्स असेंबली का सेट पूरा | 50 Set | 23-Dec-24 |

शुद्धिपत्र

कृपया टेंडर नोटिस संख्या एस/60/2024, सीरियल नंबर 59 पर, दिनांक 22.10.2024 के लिए नियत तिथि को '25-11-2024' के रूप में पढ़ें।

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं। 0751

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

# जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत तिल्लौर खुर्द एवं संस्था सजेस्ट को किया सम्मानित

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। स्वच्छता के क्षेत्र में अगर्निय कार्य करने वाली इंदौर जिले की चुनिन्दा ग्राम पंचायतो के साथ ग्राम पंचायत तिल्लौर खुर्द एवं तकनिकी सहयोगी संस्था सजेस्ट को जिला पंचायत इंदौर द्वारा दिनाक 19 नवम्बर 2024 को उत्क्रस्ट कार्य करने हेतू सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष महोदय एवं सीइओ जिला पंचायत द्वारा तिल्लौर के कार्यो की सराहना की गई तोल्लौर सरपंच प्रिया धर्मेन्द्र ठाकुर द्वारा बताया





गया की पंचायत स्वच्छता को लेकर काफी सक्रिय है एवं अंडरग्राउंड नाली निर्माण कार्यो से नए आयाम रच रही है पंचायत सचिव गुरदीप हुड्डा द्वारा सभी नवाचारो से अधिकारियों को अवगत कराया गया।

संस्था सजेस्ट से मोहन तोमर द्वारा बताया गया की तिल्लौर स्वच्छता में आदर्श ग्राम पंचायत की और अग्रसर है गिले कचरे से खाद निर्माण, सूखे कचरे का उचित निपटना एवं क्लस्टर एप्रोच पर कार्य किये जा रहे है ताकि पंचायत को स्वच्छता में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

स्वच्छ भारत मिशन जिला समन्वयक मुकेश वर्मा जी द्वारा जिले की आगामी रणनीति से सभी को अवगत कराया गया साथ ही ब्लॉक समन्वयक धर्मजीत चौहान ने देव गुराडिया एवं बढ़िया कीमा पंचायत के नवाचारो के बारे में भी बताया कार्यक्रम के अंत में सभी जुनिन्दा पंचायतो, सफाई मित्रो एवं सहयोगी संस्थाओ को सराहनीय कार्यो हेतू प्रससती पत्र प्रदान किये गए

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कल

**इंदौर, नप्र।** शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री मनीष शर्मा (मामा) ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ नागरिकों को मिल सके इस हेतु दिनांक 22 नवंबर को इंदौर के दलाल बाग में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन हो रहा है।

पश्चिम रेलवे

सार्वजनिक अधिसूचना

ए.सी. 25 के.वी. कर्षण को चालू करना

(सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी)

रेल्वे लाइनो और परिसरों के सभी उपभोक्ता को एतदद्वारा सूचना दी जाती हैं कि रेल्वे के निम्नलिखित खंड पर 25000 Volts, 50 हर्ट्ज़ ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट दिनांक को या उक्त तिथि के बाद उर्जित किया जाएगा। उक्त दिनांक पर और उस दिनांक से शिरोपरि कर्षण लाइन को हर समय विद्युन्मय माना जाएगा और अनाधिकृत व्यक्ति को उस शिरोपरि लाइन के समीप में दाखिल होने या कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

| खंड | लोकेशन | | दिनांक |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| नीमच-रतलाम खंड के मध्य | हरकियाखाल किमी-253/26, (चैनेज:877) | मल्हारगढ़ किमी-268/02, (चैनेज:022.5) | 10/12/2024 |

जन साधारण को सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पश्चिम रेल्वे के रतलाम मण्डल में नीमच-रतलाम खंड के मध्य हरकियाखाल किमी-253/26, (चैनेज:877) से मल्हारगढ़ किमी - 268/02, (चैनेज:022.5) में स्थित ए.सी. 25 के.वी. विद्युत कर्षण को चालू करने के लिए सभी राजपरो पर सड़क सतह से 4.78 मी. को स्पष्ट उचाई पर उचाई गैजे लगाई गई है ताकि बहूत अधिक उचाई वाले लोड़ को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सं संपर्क में आने से रोका जा सके।

जन साधारण को एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट उचाई का पालन करे और यह देखे कि सड़क वाहन से ढोए जा रहे किसी भी स्थिति में उचाई गेजों का अतिलघन न करे।

अत्यधिक उचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:
(१) उचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरुप सड़क और रेल्वे लाइन पर बाधा।
(२) वाहन पर ले जाए जा रही सामग्रियों या उपकार को खतरा।
(३) चालकों का खतरनाक समीपता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा। 0755

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly

# सम्पादकीय

## दुर्दसा का तथ्य नकारना व्यर्थ

देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है। 2016-17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी।एक और सरकारी संस्था की रिपोर्ट ने श्रमिक वर्ग की बढ़ती रही दुर्दशा पर रोशनी डाली है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक (नाबार्ड) के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वे (एनएएफआईएस) 2021-22 के दौरान पाया गया देहाती इलाकों में कर्ज के बोझ तले दबे परिवारों की संख्या में साढ़े चार प्रतिशत इजाफा हुआ है।2016-17 के सर्वे के दौरान ऐसे परिवारों की संख्या 47.40 प्रतिशत थी, जो ताजा सर्वे के समय 52 फीसदी हो चुकी थी। कहा जा सकता है कि अब ज्यादा लोग लाइफ स्टाइल बढ़ाने के लिए कर्ज ले रहे हैं। मगर आय की स्थिति पर गौर करें, तो ऐसे तर्क निराधार मालूम पड़ेंगे।ताजा सर्वे में ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय 12,698 रु. सामने आई। इसमें पांच साल में डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई। तब औसत आमदनी 8,059 रु. थी। राष्ट्रीय परिवार 4.4 व्यक्तियों का है। तो हर व्यक्ति पर आय 2,886 रु. बैठती है। यानी प्रति दिन एक व्यक्ति की खर्च क्षमता 96 रुपये होगी।यह औसत आय है, जिसमें ग्रामीण इलाकों के सबसे धनी और गरीब दोनों तबकों की आमदनी शामिल है।2013-14 में रंगराजन समिति ने भारत की गरीबी रेखा 32 रु. प्रति दिन खर्च क्षमता रखने का सुझाव दिया था। दस साल की मुद्रास्फीति से उसे एडजस्ट करें, तो ये रकम आज तकरीबन 60 रुपये बैठेगी।इस पैमाने पर पर अनुमान लगाएं, तो संभव है कि भारत में आधे से ज्यादा लोग गरीबी रेखा के नीचे आएंगे। वैसे, जिन परिवारों की औसत आय 12 हजार रुपये हो, वे लाइफ स्टाइल संबंधी चीजों की खरीद के लिए कर्ज लें, यह मानने का कोई तुक वैसे भी नहीं है। तो जाहिर है, शिक्षा, स्वास्थ्य और शादी-विवाह आदि जैसे खर्चों के लिए कर्ज लेने वाले परिवार बढ़े हैं। इसके पहले लेबर ब्यूरो की पारिश्रमिक दर सूचकांक रिपोर्ट, कृषि मंत्रालय के जारी हुए आंकड़ों, तथा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट आदि में बताया जा चुका है कि श्रमिक वर्ग की वास्तविक आय गिरी है और औसत आय में वृद्धि गतिरुद्ध हो गई है।उपभोग और मांग गिरने की बातें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में दुर्दशा का तथ्य नकारना व्यर्थ है।

### आज का चिंतन

यह तो हो पहले
बातचीत में कुछ घटना
पता लगती है तो कहते हैं कि
यह पहले क्यों नहीं बताया
तो दूसरा कहता है कि
पहले यह हो जाए,
पूरा हो जाए या
वह हो जाए
तब मैं बताता।

साझा करना
जीवन में जो कुछ भी होता है
उसे समय-समय पर
अपनों से साझा कर लिया जाए
तो बेहतर ही होता है।
लोगों के विचार, प्रतिक्रिया
और सहयोग मिल जाने से,
उत्पादकता बढ़ जाती है और
परिणाम अधिक गति और
गुणवत्ता से मिलते हैं।

पारदर्शिता
व्यवहार में और बातों में
जितनी अधिक पारदर्शिता होगी,
संबंध उतने ही मजबूत, शुद्ध
दीर्घकालिक और सुदृढ़ होंगे।
जाने अनजाने का दुरा.व छुपाव
संबंधों को कमजोर करता है।

संकोच या आशंका
जानकारी साझा ना करने के पीछे
कभी-कभी संकोच या आशंका भी
एक कारण होता है किंतु
इस रोग को दूर करने से ही
जीवन में मधुरता, समरसता
और प्रगति होती है।

विनय उजाला
**संजय अग्रवाल**
**संपर्क संवाद सृजन, नागपुर**

यदि घटती प्रजनन दर से वाकई दूरगामी दुष्परिणाम सामने आने वाले हैं और उनका असर राष्ट्रव्यापी हो सकता है, तो इसके लिये सरकार समय रहते जनता को सचेत करने वाले कार्यक्रम क्यों नहीं चलाती, जिससे जनमानस हर प्रकार की असुविधा और अभाव के लिए जनसंख्या को दोषी न माने।

# न बढ़ती सही है, न घटती जनसंख्या के लिए चाहिए एक समग्र दृष्टिकोण

संजय श्रीवास्तव



विनय उजाला



देश के दक्षिणी राज्य के नेता, लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आह्वान कर रहे हैं, तो बाकी लोग जनसंख्या को देश की सभी असुविधा, विसंगतियों का मूल मानते हैं और कम बच्चे पैदा करने के हिमायती हैं। अफ्रीकी देशों के अलावा भारत समेत सारे संसार में प्रजनन दर घट रही है। ज्यादातर देश इसे लेकर चिंतित हैं तो अपने देश में इस मामले में प्रसन्नता और चिंता की मिश्रित प्रतिक्रिया है। आखिर यह भ्रम क्यों और दक्षिण भारत के राजनेता ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए लोगों को क्यों प्रोत्साहित कर रहे हैं ?,

कुछ साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की थी, देश की बड़ी आबादी देश के विकास में बाधा बन रही है। राज्य सरकारें इस समस्या से निजात के लिए जनसंख्या नियंत्रण की राष्ट्रीय नीति का कठोरता से पालन करवाएं। वर्तमान का सत्य यह है कि सरकार को समर्थन देने वाले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्यवासियों से अपील की है कि वे ज्यादा बच्चे पैदा कर जनसंख्या बढाएं। यह अप्रत्याशित लगता है क्योंकि दशकों जनसंख्या वृद्धि बड़ी चुनौती मानकर केंद्र और राज्य सरकारें इसके नियंत्रण पर जोर देती रही हैं परंतु आज आंध्र ही नहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी चंद्रबाबू की तरह लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील कर रहे हैं। संभव है कल ऐसी ही अपीलें केरल, कर्नाटक तथा तेलंगाना में भी सुनी जाएं और सिक्किम, गोवा, अंडमान, लद्दाख जैसे कई दूसरे प्रदेश भी इनके साथ सुर मिलाएं और जनसंख्या नीति के प्रति अपनी दिशा बदल लें। वे ऐसे कानून प्रस्तावित करें जिसके अनुसार दो या उससे ज्यादा बच्चे वाले लोगों को ही सरकारी लाभ मिल सकें। सच तो यह है कि दक्षिण के तमाम राज्य जो ऐसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं वे आधे दशक पहले छोटे परिवार को बढ़ावा देने की बात कर रहे थे, लोगों को परिवार नियोजन के प्रति प्रोत्साहित कर रहे थे लेकिन सहसा उनके सुर बदल गए हैं। उनकी दलील है कि प्रजनन दर में गिरावट से राज्य और देश का नुकसान है सो इसे बढाने की कोशिश अभी से करनी होगी।

बेशक इन राज्यों में प्रजनन दर में गिरावट सत्य है और फलत: जनसंख्या में कमी से उनके राज्य और उनकी राजनीति को नुकसान भी है। पर देश की अधिकांश जनता मानती है कि तकरीबन सारी राष्ट्रीय, स्थानीय समस्याओं की जड़ बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या ही है। आज हम चीन से बड़ी आबादी हैं और इसके चलते विकास के कैसे भी सरकारी प्रयास हों, हमको पूरे नहीं पड़ते। अनेक बड़े नेताओं का भी यही मानना है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले यानी 145 करोड़ के देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कठोर प्रयास लाजिमी है। ऐसे में कुछ राज्यों द्वारा जनसंख्या नीति की दिशा बदलना देश और देशवासियों को भ्रमित कर सकता है। देशवासियों के समक्ष यह स्पष्ट होना चाहिये कि जनसंख्या के मामले में कुछ राज्यों की अपनी डफली अपना राग क्यों है ? क्या उनका यह रवैय्या राष्ट्र स्तर पर उचित है अथवा इसमें महज संबंधित राज्यों का सामयिक स्वार्थ है ? कुछ राज्यों का जनसंख्या नियंत्रण के प्रति मौजूदा रवैय्या यदि देश हित के विरुद्ध है तो सरकार उनको ऐसे संदेश देने, अपील करने से रोकती क्यों नहीं ? यदि घटती प्रजनन दर से वाकई दूरगामी दुष्परिणाम सामने आने वाले हैं और उनका असर राष्ट्रव्यापी हो सकता है, तो इसके लिये सरकार समय रहते जनता को सचेत करने वाले कार्यक्रम क्यों नहीं चलाती, जिससे जनमानस हर प्रकार की असुविधा और अभाव के लिए जनसंख्या को दोषी न माने। वह यह प्रचारित प्रसारित क्यों नहीं करती कि इससे होने वाले दूरगामी दुष्परिणामों की काट के लिये वह अभी से प्रयासरत है और उसके पास इस स्तर की कई योजनाए हैं। उत्तर के राजनेता लोगों को जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए कहें और दक्षिण की आबादी बढ़ाने के लिए, उसमें एनडीए के समर्थक दल के मुख्यमंत्री भी शामिल हों तो इस विरोधाभास के बीच यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि है कि जब भारत समेत वैश्विक स्तर पर जनसंख्या दर में गिरावट की बात लैंसेट रिपोर्ट और कुछ देशी शोध अध्ययन में सालभर पहले सामने आ चुकी है तब वाकई देश की तात्कालिक जनसंख्या नीति में क्या कोई बदलाव लाया गया है या उस ओर सोचा जा रहा है ? नीति आयोग अथवा संबंधित विभागों की भविष्य में इसके प्रति क्या कोई रणनीति निर्धारित की है ? भविष्य में जनसंख्या नियंत्रण की नीति क्या होना चाहिये ? क्या जनसंख्या नियंत्रण की एक समेकित नीति देश पर लागू होगी अथवा इसके लिये राज्यवार कार्यक्रम और उसके लक्ष्य बनाना उचित होगा।

यह नीति 13 साल से लंबित जनगणना के अगले साल निबटाने और उसके अगले बरस आंकड़े आने, तथा उसके विश्लेषण के बाद बनेंगे अथवा इस मुद्दे की गंभीरता तथा इस पर आम जनता के भ्रम को समझते हुए इसके पहले ही ? देश में 1950 के दौरान यह प्रजनन दर 6.18 प्रतिशत थी अर्थात प्रत्येक महिला के औसतन 6 से अधिक बच्चे थे। घटती प्रजनन दर की जो रफ्तार है, उसके चलते यह 2050 तक 1.29 रह पर और सदी बीतते बीतते 1.04 तक पहुंच सकती है। फिलहाल 2021 के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय प्रजनन दर 1.91 है। ऐसी प्रजनन दर तक पहुंचने में फ्रांस, ब्रिटेन जैसे यूरोपीय देशों को 200 और अमेरिका को 145 साल लगे। हमने यह बदलाव भीषण गति से महज 45 साल में हासिल की। नि:संदेह घटती जन्मदर पर कुछ वर्ग प्रसन्नता प्रदर्शित कर रहे हों पर अनेक कारणों से आगे चलकर यह राष्ट्रीय चिंता का विषय बनेगा। जहां तक दक्षिण भारत के राज्यों की बात है तो पांच राज्य और तकरीबन तीस करोड़ आबादी वाले इस हिस्से में प्रजनन दर राष्ट्रीय औसत से कम हो चुकी है और तेज गिरावट जारी है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में जन्म दर 2.01 से भी नीचे है। प्रजनन दर 2.1 से नीचे का मतलब जनसंख्या सिकुड़ना शुरू गई है।


उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड वगैरह की 2.5 से 3.01 की दर से दक्षिण भारत में कम जन्म दर के चलते भविष्य में जनगणना के बाद जनसंख्या के आधार पर तय की जाने वाली संसद में सीटें और केंद्र सरकार से मिलने वाली निधि का घाटा हो सकता है। केंद्र सरकार के द्वारा वसूले गए आयकर, कॉर्पोरेट टैक्स का जो हिस्सा जनसंख्या, आर्थिक जरूरतों और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर मिलता है, उसमें कमी आ सकती है। कम आबादी, देश की आर्थिकी में बड़े योगदान और प्रति व्यक्ति अधिक आय की बावजूद दक्षिण के राज्य नुकसान में रहेंगे। आगत की आहट भांपकर कुछ राज्य परिवार नियोजन की दिशा में बदलाव कर रहे हैं और ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए कह रहे हैं। लेकिन जहां तक देश का प्रश्न है, इस ट्रेंड पर जश्न मनाने वालों को यह जानना चाहिये कि घटती प्रजनन दर से देश की आबादी का संतुलन गड़बड़ा जाएगा। दुनिया का कोई भी देश बरसों बरस कोशिश करके, खरबों खर्च करके भी जन्मदर वापस हासिल नहीं कर पाया।

आबादी में बच्चों, जवानों और बुजुर्गों का संतुलन बना रहे, इसके लिए प्रजनन दर का 2.1 के आसपास होना चाहिये। पर्याप्त बच्चे न होंगे जो बुजुर्गों की जगह ले सकें तो बुजुर्ग बढेंगे, जो उत्पादक न होकर भोक्ता होंगे। अभी 60 साल से ज्यादा की उम्र के चालीस प्रतिशत बुजुर्ग बेरोजगार और बुरी दशा में हैं, भविष्य में इनकी और दुर्गति आशंकित है। बुजुर्ग कम जोखिम उठाने वाले, कम रचनात्मक होंगे, नए पेटेंट कम हो जाएंगे। यह सब देश की आर्थिकी के लिए घातक होगा। आसपास बच्चों से ज्यादा दादा-दादी, नाना-नानी नजर आने लगेंगे। बुआ, मामा, चाचा, ताऊ, मौसी जैसे रिश्तों का लोप सा हो जाएगा। देश के सामने ऐसी बहुतेरी चुनौतियां कुछ दशक बाद आएंगे पर हमें उनका इंतज़ार करने की बजाय अभी से काम करने की जरूरत है। फिलहाल इतना तय है कि इस समस्या का समाधान बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना कतई नहीं है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विज्ञान व तकनीकी विषयों के जानकार हैं)**

# कालभैरव जयंती पर विशेष : शिव के रौद्र रूप को समर्पित

आर.सी.शर्मा



भगवान शिव के रौद्र रूप को कालभैरव कहा जाता है। धार्मिक और आध्यात्मिक जगत में शिव के इस रौद्र रूप का बहुत महत्व है। क्योंकि माना जाता है कि शिव का रौद्र रूप हमारे दुखों को काटता है। आध्यात्म के संसार में रौद्र रूप का अर्थ है- अज्ञानता और माया का नाश करना। शिव का रौद्र रूप सृष्टि के चक्र को गति प्रदान करता है। शिव के रौद्र रूप को सर्वअंतर्यामी और सर्वोत्तम भाव प्रतीक माना गया है। साथ ही शिव के रौद्र रूप को मानवमात्र के लिए कल्याणकारक माना गया है, इसलिए हम इंसानों के लिए शिव के रौद्र रूप का बहुत महत्व है। शिव के रौद्र तांडव से जहां सृष्टि का विनाश होता है, वहीं शिव के आनंद तांडव से सृष्टि खिल उठती है। इससे उसकी उत्पत्ति होती है। यही वजह है कि शिव के नटराज रूप को विनाश और विकास दोनो का साझा रूप समझा जाता है। बस फर्क है तो इतना कि शिव के तांडव की मुद्रा क्या है ? वह रौद्रमय है या आनंदमयी।

कालभैरव अष्टमी या कालाष्टमी इसी शिव के रौद्र रूप की जयंती है। इसी दिन कालभैरव अर्थात रौद्र शिव का जन्म हुआ था। सदियों से यह मान्यता है कि जिस दिन भगवान शिव के इस रौद्र रूप का जन्म हुआ था, उस दिन अगर कालभैरव की पूजा की जाए तो मनुष्य के भय का समूल नाश हो जाता है। कालाष्टमी के दिन भगवान शिव, माता पार्वती और कालभैरव की पूजा की जानी चाहिए। भैरव का अर्थ ही भय को हरने वाला है। इसलिए कालभैरव की पूजा करने से इंसान के सभी तरह के भौतिक और आध्यात्मिक भयों का अंत हो जाता है। इसलिए कालाष्टमी के दिन हर धार्मिक और आध्यात्म प्रिय व्यक्ति को कालभैरव की पूजा करनी चाहिए।

कालाष्टमी या कालभैरव अष्टमी को कालभैरव की पूजा करने के लिए सबसे पहले दिन में सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए और नित्य क्रिया आदि करके स्वच्छ हो जाना चाहिए। जिस घर में लंबे समय से कोई बीमार व्यक्ति सही न हो रहा हो, उसकी तकलीफ, उसका रोग दुखों का कारण बन गया हो, उसे यह कालभैरव की पूजा जरूर करनी चाहिए। अगर आपके आसपास गंगा नदी है तो इस दिन गंगा में स्नान करें या घर में गंगाजल है तो उसे जल में डालकर स्नान करें। इस दिन जब व्रत रहें तो पितरों को याद करें और 'ह्रीं उन्मत भैरवाय नम: ' का जाप करें। इसके उपरांत कालभैरव की आराधना करें। अर्धरात्रि में धूप, काले तिल, दीपक, उड़द और सरसों के तेल से कालभैरव की पूजा करें। व्रत के सम्पूर्ण होने के बाद किसी काले कुत्ते को मीठी रोटियां खिलाएं। भगवान शिव के कालभैरव रूप की उत्पत्ति उनकी ब्रह्मा और विष्णु जी से नाराजगी का नतीजा थी। जब किसी बात पर भगवान शिव का ब्रह्मा और विष्णु के साथ विवाद हो गया तो इस पर उनके गुस्से से कालभैरव की उत्पत्ति हुई। काले कुत्ते पर सवार कालभैरव हाथों पर दंड लिए उत्पन्न हुए थे और एक दंड से ब्रह्मा जी के सिर को धड़ से अलग कर दिया, जिसके बाद ब्रह्मा जी के केवल चार शीष बचे। अगर ब्रह्मा जी कालभैरव से क्षमा न मांगी होती, तो वह उनके चार सिरों को भी उनके धड़ से अलग कर देते। लेकिन क्षमा मांगने पर वह कालभैरव के कोप से बच गये। इनके क्षमा मांगते ही भगवान शिव पुन: अपने रूप में आ गये। लेकिन कालभैरव पर ब्रह्म हत्या का दोष चढ़ चुका था, जिससे मुक्ति के लिए उन्हें कई वर्षों तक इधर उधर भटकते रहना पड़ा। अंत में वह वाराणसी पहुंचे, जहां उन्हें इस पाप से मुक्ति मिली।

भगवान कालभैरव को महाकालेश्वर और डंडाधिपति भी कहा जाता है। वाराणसी में दंड से मुक्ति मिलने के कारण इन्हें दंडपाणि भी कहा गया। ब्रह्मा जैसा ब्रह्म और भय किसी और को न हो, इसलिए कालाष्टमी के दिन कालभैरव की पूजा की जाती है। कालाष्टमी के दिन कालभैरव की पूजा और व्रत पूरे विधि विधान के साथ करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन के सभी तरह के कष्टों और भयों से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यता है कि कालाष्टमी पर अगर कोई भक्त पूरे विधि विधान से पूजा और व्रत करता है, तो उसके जीवन में कोई भय नहीं होता। साल 2024 में कालभैरव जयंती का शुभ मुहूर्त 22 नवंबर 2024 को शाम 6 बजकर 7 मिनट से प्रारंभ होकर 23 नवंबर 2024 को शाम 7 बजकर 56 मिनट पर खत्म होगा।

कालभैरव जयंती के दिन किसी काले कुत्ते को ढूंढ़कर उसे मीठी रोटियां खिलाना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति हर तरह के कष्ट और तनाव से दूर रहता है। कालभैरव जयंती के दिन भगवान शिव यानी भगवान शिव के रौद्र रूप की पूजा करने के लिए बेलपत्र पर 'ओम नम: शिवाय' लिखकर शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए। कालभैरव जयंती के दिन भूलकर भी मन में किसी बात को लेकर अंहकार नहीं लाना चाहिए और इस दिन भूलकर भी किसी बेजुबान पशु पक्षी को परेशान नहीं करना चाहिए।

विनय उजाला **-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

## कालापीपल जन अभियान परिषद द्वारा...

# आदर्श ग्राम के आवश्यक बिंदुओं पर सामाजिक समरसता बैठक संपन्न हुई...

लखन सिंह चन्देल




कालापीपल। कालापीपल मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम रीछडी सेक्टर क्रमांक 2 खोखरा कला के ग्राम रीछडी मैं जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर। धनसिंह धनगर विकासखंड समन्वयक कालापीपल के तत्वाधान में आदर्श ग्राम के आवश्यक बिंदुओं पर एवं वृक्षारोपण एवं गांव की अन्य गतिविधियों स्वास्थ्य शिक्षा जल संरक्षण ऊर्जा संरक्षण सामाजिक समरसता आदि विषयों पर चर्चा हुई एवं बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिछड़ी नवांकुर संस्था समिती के अध्यक्ष सचिव एवं अन्य कार्यकर्ता एवं अन्य सेक्टर के सभी नवांकुर संस्था के कार्यकर्ता हरविलाश सिंह राजपूत इश्वर परमार रोहित राजपूत रवि वर्मा विनोद पाटीदार रामगोपाल मिना, मेंटर कमला शंकर सेन रामबाबू गोस्वामी संतोष वर्मा सपना शर्मा रानी मेवाड़ा सभी लोगों की उपस्थित में बैठक सम्पन्न हुई समिति के अन्य सदस्य श्री अनोखी लाल जी मालवीय अशोक वर्मा अरुण पाटीदार मुकेश कुमार पाटीदार सुरेश सीताराम आदि सभी सदस्य की उपस्थिति रही एवं ग्राम पंचायत सचिव जीतमल मालवीय उपस्थित रहे एवं उनसे चर्चा हुई जिसमें गांव की गतिविधियों के बारे में एवं ग्राम विकास के विषयो पर चर्चा की गई।

# शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय , इंदौर में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट, (तनाव प्रबंधन) पर संगोष्ठी

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** गवर्नमेंट होलकर साइंस कॉलेज, इंदौर के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक जानकारीपूर्ण संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें डॉ. संध्या एस. चौकसे, कार्यकारी निदेशक, एसकेसी LNCT ग्रुप, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। यह सत्र कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग में हुआ, जिसमें 200 से अधिक छात्रों और विभाग की सभी फैकल्टी ने भाग लिया।

डॉ. संध्या एस. चौकसे ने अपने व्याख्यान में दैनिक जीवन के तनाव से निपटने के उपाय बताए और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए नियमित दिनचर्या, सही खानपान और ध्यान की महत्ता के बारे में बताया। डॉ. चौकसे ने यह भी सलाह दी कि छात्रों को दिन में पर्याप्त पानी पीना चाहिए, सूखे मेवे और मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए, और अंकुरित आहार को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। उन्होंने नींद की गुणवत्ता और अवधि पर भी ध्यान आकर्षित किया, और बताया कि छात्रों को कम से कम 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए और रात 11 बजे से पहले सोने की आदत डालनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने सप्ताह में कम से कम दो बार सूर्योदय देखने और प्रतिदिन रात का भोजन 8 बजे से पहले करने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. चौकसे ने छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया और उनके सवालों का समाधान किया। उन्होंने विटामिन B12 की कमी को दूर करने के लिए डेयरी उत्पादों और चांवला का सेवन करने की भी सलाह दी।

संगोष्ठी का संचालन प्रोफेसर प्रणिता जोशी ने किया, और कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा ने किया। यह संगोष्ठी बहुत सफल रही और उपस्थित सभी व्यक्तियों ने तनाव प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियाँ सीखीं, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा।


# फार्म रजिस्ट्री के किसानों को मिलेगी पीएम सम्मान निधि की किश्त

**नागदा जं. निप्र।** राजस्व महाअभियान 03 के अंतर्गत अब विभाग के स्थानीय से लेकर जिले तक बैठे अधिकारियों द्वारा दस बिन्दूओं पर फोकस रहेगा। जिसको लेकर 15 नवंबर से लेकर 15 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अविवादित प्रकरणों का नामांतरण की त्वरित प्रक्रिया निर्धारित समय अवधि में की जाएगी। बंटवारा, भूअभिलेख दुस्तीकरण करना सुनिश्चित किया है जिसमें ऐसे प्रकरणों को शामिल किया है जिनको छह माह से अधिक समय हो गया और उनका निराकरण नहीं हुआ हो। आरसीएम के तहत सीमांकन को प्राथमिकता से किया जाएगा। अब दिसम्बर माह में उन्हीं किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की किश्त मिलेगी, जिनको द्वारा फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया होगा। दो हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

# बेटमा पुलिस ने आयसर वाहन चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

सुनिल मुनिया



**बेटमा (विनय उजाला)। पुलिस अधीक्षक इन्दौर ग्रामीण के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एसडीओपी राहुल खरे द्वारा क्षेत्र में संपत्ति संबंधी बडते चोरी के अपराधों में अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देशन के पालन में थाना प्रभारी संजय सिंह द्वारा रात को बेटमा क्षेत्र धरावरा धाम मंदिर के पास स्वास्तिक पेट्रोल पंप से चोरी हुई।**

आयसर 1110 रजि.नं. MP 09 GF 4915 की बरामदगी एवं आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु टीम गठिक कर घटना स्थल एवं आस पास सीसीटीवी फुटेज खगाले गये जिसमें चोरी गई आयसर गाडी आगरा बाम्बे रोड से खलघाट, तरफ जाना पाया जाने पर चोरी गई आयसर गाडी के मालिक दीपक राजपुत को साथ लेकर आगरा-बाम्बे रोड पर तलाश पतारसी करते हुवे धुले (महाराष्ट्र) पहुंचे जहां हाईवे रोड पर स्थित इस्लामी होटल के थोडी दुरी पर खडी एक आयसर गाडी को अपनी आयसर गाडी होना बताया आयसर गाडी पर आगे का नम्बर प्लेट पर MP 09 GE 8802 लिखा था चोरी गई आयसर गाडी के केबीन पर NS PATEL ß सामने कांच पर जय माँ शेरावाली तथा सामने बोनट पर श्री साँवरिया सेठ लिखा देखकर दीपक पटेल ने अपनी आयसर गाडी होना बताया।वही एक व्यक्ति आयसर गाडी की ड्रायवर सीट पर बैठा दिखा जिस पर से स्थानीय पुलिस की सहायता लेकर आयसर गाडी मे बैठा व्यक्ति को पकडा व नाम पता पूछा तो अपना नाम शाहरुख खान पिता सरदार खान उम्र 30 साल निवासी सदर मोहल्ला मस्जिद के पास बालसमुद वेस्ट निमाड थाना कसरावद जिला खरगौन का बताया ।आयसर गाडी के साईट व पीछे नम्बर सही रजि. नं. MP 09 GF 4915 लिखा लिखा था वही सामने मैन नम्बर प्लेट पर फर्जी रजि.नं. MP 09 GE 8802 लिखा हुआ था। शाहरुख खान पिता सरदार खान निवासी बालसमुद थाना कसरावद जिला खरगौन के कब्जे से उक्त आयसर गाडी जप्त कर आरोपी शाहरुख खान को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी शाहरुख का पुलिस रिमांड में लिया जाकर घटना मे शामिल आरोपीयों के बारे मे एवं घटनाओं के बारे में पूछताछ किया जा रहा है। कई वारदातों का खुलासा हो सकता है।

सराहनीय कार्य थाना प्रभारी संजय सिंह, संदीप पोरवाल, रणसिंह चौहान, दीपेन्द्र जाट, धर्मेन्द्र जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम काटकुट में इंडियन गैस एजेंसी लगभग 8 दिनों से ग्रामीणों को गैस टंकी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है



**बलवाड़ा, निप्र।** बीते कई दिनों से ग्रामीण जिसमें काटकुट ओर आसपास के क्षेत्र के उपभोक्ता जिन्होंने काटकूट एजेंसी से अपने कनेक्शन ले रखें हैं बस उन सभी को बीते कुछ दिनों से गैस टंकी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है ठंडी के इस शुरुआती मौसम में जहां गैस की खपत बढ़ जाती है और एजेंसियों को अपने पास पर्याप्त स्टाक रखना चाहिए इन दिनों में एजेंसी पर आठ दिनों से गैस टंकी की कमी बनी हुई है उपभोक्ता गैस ऐजेंसी पर जब जाते हैं तो संचालक द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है उनके द्वारा बताया जाता है कि आगे किन्हीं तकनीकी कारणों से हमारे पास गैस टंकी नहीं आ रही है एवं संचालक द्वारा किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का नंबर उपभोक्ताओं को नहीं दिया जा रहा है जिससे सभी उपभोक्ता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं गैस की कमी से महिलाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लोगों के पास गैस टंकी के अतिरिक्त अन्य कोई संसाधन नहीं है उपभोक्ताओं ने संवाददाता को यह बताया कि काटकूट इंडेन एजेंसी संचालक द्वारा गांव में घर पहुंच सेवा का लाभ भी उपभोक्ता को नहीं दिया जा रहा है कई बार टंकी आउट ऑफ स्टॉक बताया जाता है और नियमों को ताक पर रखकर एजेंसी का गोडाउन रहवासी क्षेत्र के आसपास बनाया हुआ है जिसे कभी भी किसी प्रकार की अनहोनी दुर्घटना एवं आगजनी होने की आशंका है जबकि शासन के नियमानुसार ज्वलनशील पदार्थ का गोडाउन रहवासी क्षेत्रों से कुछ दूर होना चाहिए किंतु एजेंसी संचालक द्वारा रहवासी क्षेत्र में गोडाउन का निर्माण कर नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आगमन हुआ




**महेश्वर, निप्र।** सीएम राईज विद्यालय महेश्वर मे आँचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल के सौजन्य से भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आगमन हुआ द्य उक्त प्रदर्शनी मे छात्रों ने बस के अंदर स्थिति अनेक प्रयोगो क़ो देखा और विज्ञान की घटनाओ क़ो समझा। सभी छात्रों ने प्रदर्शनी का आनंद लिया और अपने विज्ञान शिक्षकों की मदद से प्रत्येक प्रयोग का सिद्धांत समझा। प्राचार्य बिरजू गुप्ता और शिक्षकों ने उक्त प्रदर्शनी के लिए आँचलिक विज्ञान केंद्र का आभार व्यक्त किया।

### बैंक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**खरगोन, निप्र।** बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी खरगोन में 06 दिवसीय बैंक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 नवंबर को संपन्न हुआ। संस्था निदेशक नरेश कुमार सेंन्द्रे ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम मिशन वन जीपी वन बीसी के अंतर्गत चलाया जा रहा है , जिसमें कुल 19 महिला प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान बीमा, बचत, निवेश, विभिन्न ऋण योजनाओं, एफडी, आरडी एवं बैंक के कामकाज से संबंधी जानकारी प्रदान की गई। एसआरएलएत के किरण कठाने ने बताया कि यह महिलाएं प्रशिक्षण उपरान्त अपने-अपने क्षेत्रों में आजीविका मिशन के अंतर्गत बैंक मित्र एंव बैंक सखी का कार्य प्रारंभ करेगी। इस दौरान संकाय सदस्य रमेश वास्केल, गणेश राठौड़, कार्यालय सहायक राजकुमार काण्डे आदि मौजूद थे।

### आदर्श ग्राम कोदला जागीर की बैठक में नवांकुर संस्था ने नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



**खरगोन, निप्र।** भीकनगांव विकासखण्ड के ग्राम कोदला जागीर को आदर्श ग्राम अंतर्गत नशा मुक्त ग्राम के लिए जिला समन्वयक विजय शर्मा और ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम की बैठक आयोजित की गई , जिसमें नवांकुर संस्था कोदला जागीर सेक्टर क्रमांक 4, ग्राम विकास प्रस्फ़ुटन समिति, परामर्शदाता, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्रा एवं ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवाकुर संस्था अध्यक्ष सुनिता चौहान, ग्राम विकास प्रस्फ़ुटन समिति अध्यक्ष परामर्शदाता अर्पित जायसवाल, भागीरथ मुजाल्दे, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर जिला न्यायालय परिसर मण्डलेश्वर में बैंक, विद्युत एवं नगरपालिका के उपस्थित अधिकारियों से प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के सबंध मे चर्चा की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर सुजीत कुमार सिंह ने विद्युत, बैंक एवं नगर पालिका के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में जारी छूट का प्रचार प्रसार आमजन में करने की बात कही गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया।

# अपार आईडी जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाकर 'अपार' शब्द का निर्माण किया

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवती में शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में अपार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री असलम खान ने संस्था के शिक्षकों, विद्यार्थियों और उपस्थित पालकों को संबोधित कर अपार आईडी निर्माण की सफलता की कहानी सुनाई।**





प्राचार्य ने बताया कि अपार आईडी बनाने से पूर्व कई कार्य किए जाना थे।पालकों को जागरूक करना,पालकों के सहमति पत्र प्राप्त करना,बच्चों के डेटा का यूडायस पोर्टल पर सत्यापन और अंत में विद्यार्थी जिनकी जानकारी सत्यापित हो गई है,उनकी अपार आईडी जनरेट करना।जिसे शिक्षकों ने टीम वर्क द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मध्य सामंजस्य बनाकर संपन्न किया। अपार के नोडल शिक्षक श्री गोपालसिंह बघेल के अनुसार अपार जिसका अर्थ है स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण,यह एक 12-अंकों की अद्वितीय पहचान प्रणाली है। जो भारत के सभी छात्रों के लिए डिज़ाइन की गई है।अपार आईडी प्रत्येक छात्र के शैक्षणिक इतिहास का एक विस्तृत और स्थायी अभिलेख बनाए रखने में मदद करेगा, जिसमें लिए गए पाठ्यक्रम, अंक, प्रमाणपत्र, और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में प्राप्त उपलब्धियाँ शामिल होंगी,और यह सब डिजी लॉकर के साथ इसके एकीकरण के माध्यम से संभव होगा।छात्र कहीं से किसी भी समय अपने शैक्षणिक अभिलेख तक पहुँच सकते हैं, जिससे शैक्षणिक संस्थानों के बीच स्थानांतरण,कौशल,नौकरी या उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करते समय भी सुविधा मिलेगी।यह प्रणाली छात्रों के शैक्षणिक अभिलेख को नियमित रूप से अपडेट रखेगी,जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उनकी जानकारी हमेशा नवीनतम और सटीक हो।

प्राचार्य श्री असलम खान ने सफलता की कहानी सुनाते हुए कहा, सर्वप्रथम अपार आईडी की आवश्यकता एवं उसका महत्व बताने के लिए पालकों की बैठक आयोजित की गई। शिक्षक शफीक शेख ने अपार के बारे में सभी संभावित प्रश्न तैयार किए और उनके उत्तर भी बताए। इस कार्य से अभिभावकों में अपार आईडी निर्माण के प्रति रुचि दिखाई दी। पालकों को सहमति पत्र वितरित करना और पुन: प्राप्त करने हेतु कक्षा अध्यापकों महेश मालवीय,सुशीला सोलंकी,श्रद्धा भट्ट एवं दुर्गा मुजाल्दा को जिम्मेदारी दी गई।स्कूल डेटा से आधार डेटा का सत्यापन कार्य वरिष्ठ शिक्षकों दशरथ वास्कले,प्रमोद कुमार पटेल एवं अनीस खान को सौंपा गया, जिसे उन्होंने बड़ी गंभीरता एवं सावधानी से पूर्ण किया।विद्यार्थियों और उनके त्रुटिपूर्ण डेटा का विवरण शिक्षक राजीव निगम एवं महेश शिंदे द्वारा तैयार किया गया। उक्त डेटा विवरण का उपयोग कर डेटा सुधार का कार्य गोपालसिंह बघेल, मनीष जोशी एवं गोपाल नरगावे ने संपन्न किया।इस सत्यापित डेटा से त्वरित अपार आईडी जनरेट करने का कार्य आईटी प्रशिक्षक सुश्री मेघा सोनी द्वारा किया गया तथा इसमें शिक्षक मनोज चौहान का सहयोग भी प्राप्त हुआ। इस प्रकार कार्यविभाजन से कार्य में सरलता हुई और दर्ज 263 में से 237 बच्चों की अपार आईडी का निर्माण किया गया । 90: कार्य पूर्ण होने पर प्राचार्य ने सभी शिक्षकों की प्रशंसा की। प्राचार्य ने कहा कि टीम वर्क से बड़े से बड़ा काम संभव है और आपने यह कर दिखाया है।निश्चित ही आप प्रशंसा के पात्र हैं। अपार दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने मानवीय श्रृंखला बनाकर अपार शब्द का निर्माण किया।इस अवसर पर प्राचार्य एवं संस्था के वरिष्ठ शिक्षकों दशरथ वास्कले तथा प्रमोद कुमार पटेल द्वारा विद्यार्थी को सांकेतिक अपार कार्ड भी सौंपा गया। उपस्थित सभी बच्चे अपनी अपार आईडी बनने पर बहुत प्रसन्न दिखाई दिए। जिला परियोजना समन्वयक,श्री प्रमोद कुमार शर्मा ने अपार आईडी जागरूकता हेतु अपार दिवस के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही उन्होंने प्राचार्य और उनकी टीम को इस सफलता पर बधाई दी।उन्होंने कहा अपार वन नेशन वन आईडी के रूप में भी जानी जाती है और एक महत्वपूर्ण आईडी है जो बच्चों को अपना अकादमिक रिकॉर्ड डिजिटली रूप में रखने में मदद करेगी और उनकी पूरी शैक्षिक यात्रा में उनके साथ रहेगी। सभी पालकों को चाहिए कि इसकी महत्ता को समझे और बच्चों की अपार आईडी बनाने का सहमति पत्र विद्यालय में जमा करें, आईडी निर्माण कार्य में शिक्षक को सहयोग करें।

## बाल मेला लगा बच्चों ने झूलों व स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** फ्यूचर ट्री के विधार्थियो ट्रेड फेयर संकुल केन्द्र पीपलगोन स्थित फ्यूचर ट्री स्कूल मे बाल मेले का आयोजन किया गया !विधालय द्वारा मिक्की माउस, और बड़ा गोल झुला लगाया गया। ट्रेड फेयर मे विधार्थियो ने पानीपुरी, लस्सी, गुलाबजामुन, सेन्डविच, हलवा, पंजाबी भेल, शर्बत केक,ब्रेड पकोड़े, पेस्टी, खमण, भेल, चने छोले, कचोरी, आदि व्यंजनो के स्टाल लगाए। विधालय के डायरेक्टर अलाउद्दीन खान ने बताया कि मेले का आयोजन विधार्थियो को व्यापार का महत्व दैनिक जीवन मे सिखाने के के उद्देश्य से किया गया। विद्यालय के शिक्षक चंदन सेन, शमीम खान, राधिका वर्मा व समस्त स्टाफ़ ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।





## पालक शिक्षक की बैठक के नवाचार से अभिभावकों, विद्यार्थियों और शिक्षकों सभी के अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** सीएम राईज विद्यालय टेमला में नवाचार कर शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया। इससे अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सभी के अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ है।





विद्यालय के प्राचार्य अशोक सिंह पवार ने बताया कि विगत कई दिनों से पालक शिक्षक बैठक के आयोजन में नवाचार कर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अपने गांव में ही सांय 05 के बाद एक गांव को केंद्र बनाकर आस पास के गांव के पालकों को बुलाकर छात्रों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पालक शिक्षक बैठक का प्रारंभ ग्राम उबदी से किया। इसके पश्चात नंदगाँव, अघावन, टेमला, रजुर, गोपालपुरा में पालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में पालक कृषि कार्यों में संलग्न है तो वहीं दूसरी ओर छात्र छात्राओं को भी वार्षिक परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सम्यक अध्ययन की आवश्यकता है। इसके लिए बालक, पालक और शिक्षक का आपसी संवाद जरूरी है। मुख्य रूप से कक्षा 10वी एवं 12वी के पालको से चर्चा का धेय्य रखकर चले थे। लेकिन साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी जरूरी है। अत: कक्षा नर्सरी से 12वी तक सभी को पालक, शिक्षक बैठक में आमन्त्रित किया गया। शिक्षक पालक बैठक के नवाचार से अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सभी के अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बैठक में पालक और बालक के आपसी तालमेल के लिए अभिभावकों द्वारा भी सुझाव दिए गए। अंतिम दिवस गोपालपुर एवं रजूर में बैठक कर इस नवाचार का समापन किया गया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत नावघाट खेड़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

### केवट समाज के लोगों को दी गई योजना की जानकारी

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र खरगोन एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 20 नवंबर को खरगोन जिले की बड़वाह तहसील के अंतर्गत ग्राम नावघाट खेड़ी में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमएसएमई के सहायक संचालक श्री राजकुमार मोहनानी, श्री निलेश त्रिवेदी एवं जिला उद्योग एवं व्यापार को केंद्र के सहायक संचालक धनंजय शुक्ला उपस्थित थे।




इस जागरूकता कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ इंडिया के अधिकारी और आईटीआई खरगोन के प्राचार्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बताया गया कि केवट समाज के लोग भी पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ ले सकते हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना को 17 सितंबर 2023 को विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर प्रारंभ किया गया है और योजना के लिए आनलाईन आवेदन योजना की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से शुरू हो चुके हैं। यह योजना शुरुआत में 2027-28 तक पांच साल के लिए लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, मापदंड और पहुंच में सुधार करना है। इस योजना के जरिए बुनकरों, सुनारों, लोहारों, कुम्हार, दर्जी, मूर्तिकार, कपड़े धोने वाले श्रमिकों का आर्थिक सशक्तिकरण किया जाएगा। विश्वकर्मा स्कीम का फायदा देश भर में 30 लाख पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के साथ बुनकरों, सुनारों, लोहारों, कुम्हार, दर्जी, मूर्तिकार, कपड़े धोने वाले, माला बनाने वाले, चिनाई करने वाले और अन्य भी कई प्रकार के श्रमिकों को होगा । इस योजना के तहत, डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और नए अवसरों के लिए मदद करने हेतु ब्रांड प्रचार और बाजार लिंकेज के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा। यह पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को अपने काम को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

**राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के प्रयास से**

## आकस्मिक मृत्यु व गंभीर बीमारी से ग्रसित जरुतमन्दों को मध्यप्रदेश शासन की ओर से 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराई

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के प्रयास से बड़वानी जिले के जरूरतमन्दों को बीमारी व आकस्मिक मृत्यु होने पर मध्यप्रदेश शासन की और से 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता हुई कराई।

उल्लेखनीय है कि बड़वानी जिले की पाटी विकासखंड के ग्राम सिपईदुवाली निवासी इकाराम पिता सखाराम सोलंकी गत दिनों मजदूरी हेतु गुजरात गए थे, जहां इनकी 2 बेटियां कु. सुमन उम्र 2 वर्ष एवं कु. शिवानी उम्र 3 वर्ष की खेलने के दौरान पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इकाराम सोलंकी की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने से उनके द्वारा राज्यसभा सांसद डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी से आर्थिक सहायता हेतु आग्रह किया था। सांसद डॉ. सोलंकी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्राचार के माध्यम से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के लिए आग्रह किया था जिस पर मध्यप्रदेश शासन की और से 2 लाख रु की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराई। इसी प्रकार ग्राम वेरवाड़ा तहसील पाटी जिला बड़वानी निवासी श्री रुलसिंह पिता भारसिंह सस्ते की पत्नी दुकारी बाई की घर पर पानी भरने के दौरान बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गयी थी। श्री रुलसिंह की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सांसद डॉ. सोलंकी ने मध्यप्रदेश शासन की और से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराई।

**मुख्यमंत्री की घोषणा को लेकर खिलाड़ियों ने कहा जल्द निर्माण नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन, स्कूल के उबड़ खाबड़ परिसर में अभ्यास करने को मजबूर खिलाड़ी**

# घोषणा, स्वीकृति व जगह तलाशने के बाद भी नहीं बन पाया इनडोर स्टेडियम

महेश चौहान

**कसरावद। खेल प्रतिभाओं की कला कौशल को निखारने के लिए खेल मैदान व खेल सामग्री की आवश्यकता होती है। लेकिन यहां खेल गतिविधि ही ठप पड़ी हुई है। यहां सुविधाओं व संसाधनों के अभाव में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पा रहा है।**

जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल चुनाव के समय स्टेडियम निर्माण के वादे करते है। लेकिन यह अब तक पूरी नहीं किया गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने हर जिले में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की है। जबकि यहां पूर्व में घोषणा के साथ जमीन की तलाश भी की गई। लेकिन अब तक निर्माण नहीं हो पाया है। अब तो स्टेडियम निर्माण का मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया है। नगर सहित क्षेत्र के खिलाड़ियों ने कहा यहा जल्द इनडोर खेल स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए नहीं तो अब चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। क्योंकि स्वीकृति के बाद भी खेल प्रेमियों को इसके लिए रास्ता देखना पड़ रहा है।

### 7 साल पहले स्वीकृति के बाद तलाशी थी जगह

तहसील मुख्यालय पर खेल प्रतिभाओं को उचित प्लेटफॉर्म नहीं मिल पा रहा है। इसकी दरकार लंबे समय से बनी हुई है। जबकि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लंबे समय से इनडोर खेल मैदान की मांग हो रही है।



लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा रहा है। इस कारण क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो आदि के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा को निखार नहीं पा रहे हैं। वर्ष 2017-18 में स्टेडियम के लिए नगर के चिचलाय व बड़गांव रोड पर जगह की तलाश की गई थी। इसके अलावा सरवर देवला में भी जमीन का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय दल भी दो बार स्टेडियम निर्माण को लेकर क्षेत्र में पहुंचा था। प्रस्ताव व जमीन चयन की प्रक्रिया के बाद भी इनडोर स्टेडियम का निर्माण अब तक नहीं हो सका है।

### उबड़ खाबड़ स्कूल मैदान पर खिलाड़ी कर रहे अभ्यास

वर्तमान में शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में रोजाना खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। यहां प्रतिदिन सुबह के समय 40 से 50 की संख्या में खिलाड़ी अलग-अलग समूह में पहुंचते हैं। लेकिन स्थान उपयुक्त नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ा है। परिसर उबड़ खाबड़ होने से परेशानी होती है। यहां अलसुबह फुटबाल और शाम के समय क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि के खिलाड़ी खेलते हैं। खिलाड़ियों ने कहा इनडोर स्टेडियम के निर्माण से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आएगा। पूर्व में नगर सहित क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा दिखाई है। लेकिन 5 साल से बड़े स्तर पर खिलाड़ी नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह बेहतर संसाधन व सुविधाओं की कमी मानी जा रही है। खेल प्रेमियों का कहना है कि शीघ्र स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपावली मिलन समारोह- चेतना महिला मंडल की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, घूमर, दीप डांस का प्रदर्शन



**बुरहानपुर, निप्र।** चेतना महिला मंडल की ओर से मंगलवार रात दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मंडल की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसे सभी ने काफी सराहा। मारवाड़ी युवा मंच की संयुक्त चेतना महिला शाखा की ओर से यह दीपावली मिलन समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। शाखा अध्यक्ष रूपल मुंदड़ा ने बताया महिला शाखा की सभी महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। घूमर, दीप डांस का बेस्ट प्रदर्शन किया गया। साथ ही लेडी ऑफ द डे अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन में मंजू शर्मा, श्वेता देवड़ा, खुश्बू देवड़ा, आस्था जैन ने साज सज्जा आदि में सहयोग किया। अध्यक्ष रूपल मुंदड़ा, सचिव स्मिता पलोड, कोषाध्यक्ष रानी पारीक ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक भूमिका रश्मि अग्रवाल, भावना जैन, रेणु लाठ, गौरी शर्मा, सुनील लड्ढा, वर्षा लाठ, दिव्या बंका आदि थे। संचालन व आभार ज्योति सेठिया ने व्यक्त किया।

### आज 2 फीडरों का मेंटेनेंस होगा, कईं क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**बुरहानपुर, निप्र।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से गुरूवार को दो फीडरों का मेंटेनेंस कराया जाएगा। इसके कारण कई क्षेत्रों में एक घंटे बिजली सप्लाई प्रभावित होगी। बिजली कंपनी के शहर कार्यपालन यंत्री अभिषेक रंजन के अनुसार 21 नवंबर गुरूवार को 11 केवी हमीदपुर द्वितीय फीडर और 11 के वी इंदिरा कॉलोनी फीडर का आवश्यक रखरखाव किया जाएगा। इसके कारण सुबह 9 बजे से 10 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। इसके कारण अन्नपूर्णा प्रोसेस, हमीदपुरा, अंसार नगर, ताज नगर, सलामत नगर, बाड़ा बुजुर्ग, नई पुरानी इंदिरा कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, ईदगाह जिनिंग फैक्ट्री, गुरूसिख नगर, ज्योति नगर, पापा इलेक्ट्रिकल्स, हकीमिया अस्पताल, सैफी मार्बल, श्रीमाया होटल, द्वारकापुरी, ब्रजधाम कॉलोनी आदि क्षेत्र प्रभावित होंगे। कार्य की आवश्यकता के अनुसार समय कम ज्यादा भी किया जा सकता है।

### बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**बुरहानपुर, निप्र।** मंगलवार रात करीब 10.30 बजे लालबाग से दरगाह ए हकीमी की ओर जाने वाले मार्ग पर तुलसी मॉल के पास एक बाइक चालक हादसे का शिकार हो गया। हादसा कैसे हुआ यह जानकारी नहीं लग पाई है। करीब 65 साल के व्यक्ति को हाथ, पैर, सिर में गंभीर चोंटें आने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 के एमटी देवाशीष और पायलट दिनेश जमरे मौके पर पहुंचे। घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 65 साल का जितेंद्र महाजन लोधीपुरा का रहने वाला है। उसकी हालत काफी गंभीर बताई जा रही है, क्योंकि उसे हादसे में काफी अधिक चोंटें आई। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल मामला जांच में है। जांच के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

### डवालीखुर्द में शराब बेचते पकड़ा, केस दर्ज

**नेपानगर, निप्र।** ग्राम डवालीखुर्द में पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी को अवैध शराब बेचते पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी प्यार सिंग पिता भाव सिंग निवासी डवाली खुर्द से 6 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। वहीं शाहपुर थाना पुलिस ने आरोपी इरफान पिता इमाम तड़वी से 8 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त कर केस बनाया।

### कुल्हाड़ी की उल्टी मूठ मारकर किया घायल, केस दर्ज

**बुरहानपुर, निप्र।** ग्राम झोलपुरा में एक व्यक्ति को कुल्हाड़ी की उल्टी मूठ मारकर घायल कर दिया गया। दुर्गेश पिता पन्नालाल साद निवासी झोलपुरा ने पुलिस को शिकायत की कि मंशाराम ने कुल्हाड़ी की मूठ से हमला किया। मारपीट करने लगा। जिससमें चोंटें आई। पुलिस ने केस दर्ज किया।

### ऑटो चालक कर रहे थे बहस, समझाया तो की मारपीट

**बुरहानपुर, निप्र।** एक बाइक चालक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। शिकायत में एक युवक ने कहा मैं जैनाबाद से बुरहानपुर जा रहा था तभी राजघाट गेट के पास एक ऑटो चालक और बाइक चालक में विवाद हो रहा था। मैं समझाने लगा तो ऑटो में बैठे एक व्यक्ति ने विवाद कर मारपीट शुरू कर दी।

# धर्मान्तरणसाजिश का पर्दाफाश: नेपानगर में लालच देकर बनाया जा रहा था ईसाई

## विहिप बजरंग दल के विरोध के बाद 3 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में आदिवासी समुदाय को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोप है कि ये तीनों लोग, जो खुद भी आदिवासी समुदाय से हैं और ईसाई धर्म अपना चुके हैं, ने क्षेत्र में ईसाई धर्म का प्रचार करते हुए मकान और पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश की।

डालमहू निवासी एक व्यक्ति अजय पिता कुंवरसिंग जमरे 3 लोगों पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया। शिकायत पर नावरा चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।अजय ने बलीराम पिता गंगाराम जाति बारेला निवासी हैदरपुर, रामा पिता तुरसिंग जाति बारेला निवासी डालमहू और अनीता पति बलीराम जाति बारेला निवासी हैदरपुर पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया।

### यह है पूरा मामला

अजय पिता कुंवरसिंग जमरे 19 वर्ष निवासी डालमहू ने पुलिस को लिखित शिकायत की कि मैं एमजीपी इंजीनियरिंग कॉलेज खंडवा में फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहा हूं। ग्राम हैदरपुर का बलीराम बड़ोले व उसकी पत्नी अनीता जो पिछले कुछ समय से हमारे क्षेत्र मे ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे है। 19 नवंबर को शाम 07 बजे बलीराम व उसकी पत्नी अनीता और मेरे गांव का रामा मेरे घर आए और मेरी मां उर्मिला को कहने लगे कि तुम लोग हिन्दू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लो। ईसाई धर्म में आने के बाद मिशनरी की ओर से तुम्हें और तुम्हारे परिवार वालों को हर महीने रुपए मिलेंगे और आपको मकान बनाने के लिए रुपया दिया जाएगा। तुम्हारे लड़के को पढ़ाई के लिए हर महीने रुपए दिए जाएंगे। ऐसी लालच देकर बरगलाने लगे और मेरे परिवार को ईसाई धर्म ग्रहण करने लिए कहने लगे। पिछले दो दिन से बलीराम 1000-1000 रुपए मेरे पिताजी को दे रहा था। मेरे पिताजी और मेरे हाथ में पहने कलावा भी कटवा दिया। मैने यह बात



अपने गांव के अमीर पिता घनश्याम मोहिते, राजा पिता धारासिंग, राजपाल चौहान निवासी रामपुरा को बताई।

### जबरन ईसाई धर्म अपनाने का लालच

बलीराम पिता गंगाराम जाति बारेला, रामा पिता तुरसिंग जाति बारेला, अनीता पति बलीराम जाति बारेला हमारे गांव में आकर मुझे ओर मेरे घर वालो को जबरन ईसाई धर्म अपनाने का लोभ लालच देकर धर्म परिवर्तन करने के बदले में मेरा पक्का मकान बनाने, मेरी फ्री पढाई कराने का प्रलोभन दे रहे है। मैं इनके झांसे मे नहीं आया और अपने गांव के अमीर पिता घनश्याम मोहिते व राजा पिता धारासिंग एवं राजपाल चौहान निवासी रामपुरा को लेकर नावरा चौकी रिपोर्ट करने आया हूं। कार्रवाई की जाए। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर 3/5 मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 केस दर्ज किया। चौकी प्रभारी मनीष पटेल ने बताया आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### विहिप और बजरंग दल की सक्रियता से खुलासा

मंगलवार देर रात, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने डालमहु गांव में आरोपियों को एक आदिवासी परिवार के घर पर धर्म परिवर्तन कराते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद उन्हें नावरा चौकी पर ले जाया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से धर्मान्तरण मामले को उजागर किया गया।

### इनका कहना है

**आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया :** धर्म परिवर्तन की शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों द्वार धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। मामले की जांच की जा रही है।

**- ज्ञानू जायसवाल, थाना प्रभारी नेपानगर**

**पैसों का लालच देकर हो रहा धर्म परिवर्तन :** यह साजिश लंबे समय से चल रही थी। आरोपियों ने आदिवासियों को मकान और पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। हिंदू संगठनों के सक्रिय होने पर मामले का पर्दाफाश हुआ।

**- गणेश राठौर, प्रखर मंत्री विहिप नेपानगर**

#### नेपानगर में व्यापारियों ने किया लीज रेंट का विरोध

# दुकानें बंद रखकर निकाली मौन रैली, सीएमडी को ज्ञापन सौंपा

विनय उजाला

**नेपानगर, निप्र। नेपानगर में बुधवार को व्यापारियों ने हाल ही में नेपा मिल की ओर से बढ़ाए गए लीज रेंट क विरोध कर नगर में मौन रैली निकाली। दिनभर दुकानें बंद रखी गई।**

सुबह 10 बजे व्यापारी अंबेडकर चौराहा पर एकत्रित हुए। यहां से रैली निकाली गई जो नेपा मिल के प्रशासनिक भवन पहुंची। यहां मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी को ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने व्यापारियों के ज्ञापन पर विचार कर जवाब देने की बात कही है।

मातापुर बाजार व्यापारिक संघ अध्यक्ष राजेश चौहान ने बताया व्यापारियों ने नेपा मिल की ओर से बढ़ाए गए लीज रेंट का विरोध किया। इसे लेकर आज हमने नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी को ज्ञापन सौंपा।



### हम मिल द्वारा बढ़ाए गए लीज रेंट को देने के लिए तैयार नहीं

व्यापारी 90 रूपए स्केयर फिट कमर्शियल और 40 रूपए स्केयर फिट डोमेस्टिक का लीज रेंट देने को तैयार हैं। मिल ने 200 रूपए लीज रेंट लगाया था। इसका सभी ने विरोध किया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगविंद रिंह जॉली, सोहन सैनी, बुधवारा बाजार अध्यक्ष प्रतीक सिंह बैस सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

### मिल ने हाल ही में जारी की थी जाहिर सूचना

एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड की ओर से हाल ही में लीज रेंट की जाहिर सूचना जारी की गई थी। मिल ने लीज रेंट 600 रूपए प्रति स्केयर फिट किया था। विरोध होने पर इसे पहले 360 और बाद में 200 रूपए स्केयर फिट किया, लेकिन व्यापारी इसका भी विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को मौन रैली निकालकर मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा जिसमें लीज रेंट कमर्शियल 90 रूपए और डोमेस्टिक 40 रूपए स्केयर फिट किए जाने की मांग की। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने विचार करने की बात कही।

## थाने मे महिला कॉन्स्टेबल की हुई गोद भराई, धुमधाम से हुआ कार्यक्रम



**रतलाम, निप्र।** जिले में पुलिस के कई नवाचार देखने को मिल रहे है। बुधवार को शहर के डीडी नगर थाने का नजारा बुधवार को बदला हुआ था। परिसर में बना हॉल गुब्बारों से सजा था। ऐसा लग रहा था जैसे किसी के घर में कोई शगुन कार्यक्रम हो। साड़ी पहने एक महिला के पैरों पर कुछ महिला सिपाही आलता लगाती दिखीं।

दरअसल, यहां लेडी कॉन्स्टेबल शानू जमरा की गोद भराई की रस्में अदा की जा रहीं थी। शानू के पिता की भूमिका टीआई रविंद्र दंडोतिया ने निभाई तो पूरा स्टाफ परिवार के सदस्य के रूप में शामिल हुआ। इस दौरान सभी लोग डीजे पर जमकर थिरके। शानू धार जिले के गंधवानी तहसील की रहने वाली हैं। उनका ससुराल मनावर के उमरवन में है। 2012 में उनके पिता का निधन हो गया था। परिवार में मां दितली बाई, भाई जितेंद्र जमरा हैं। ससुराल में सास-ससुर हैं जो दूर रहते हैं। पति मोहन धारवे रतलाम ट्रैफिक थाने में पदस्थ हैं।

## सेवासदन महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस पर सेमिनार आयोजित




विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र। सेवासदन महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस क्षेत्र में अवसरों को बढ़ावा देने हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया।**

यह सेमिनार बजाज फिनसर्व से जुड़े सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन बैंकिंग, फाइनेंस एंड इंश्योरेंस के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता तारिका वीरेंद्रसिंह ठाकुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कलश सेठी, सीएमओ, नियो मार्केटिंग और अतिथि वक्ता के रूप में गुंजन चंद्रयान, केपीएमजी करियर कोच उपस्थित रहे। सेमिनार में श्री गुंजन चंद्रयान ने 96 घंटे के इस विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम के बारे में बताया, जिसमें बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस क्षेत्रों में कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तारिका वीरेंद्रसिंह ठाकुर ने सेमिनार की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल में निपुण बनाएगी। साथ ही उनके आत्मविश्वास और करियर की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाएगी। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीष पटेल, प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. शिवानी मेहरा, डॉ. निधि माहेश्वरी, प्रो. नरेंद्र भारद्वाज, प्रो. सुजीत पटेल, प्रो. मनीष पारीख, प्रो. अल्ताफ अंसारी और प्रो. रितु शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता पर समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल और प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# मराठा आर्थिक विकास बोर्ड का गठन करने की मांग

## मराठा सेवा संघ का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन उज्जैन में संपन्नहु

**बुरहानपुर, निप्र।** मराठा सेवा संघ का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन उज्जैन में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन का उद्देश्य संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाना था। कार्यक्रम में देशभर से हज़ारों प्रतिनिधि शामिल हुए।राष्ट्रीय अध्यक्ष कामाजी पवार और अन्य वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। अधिवेशन में बुरहानपुर में जीजामाता पॉलिटेक्निक और छत्रपति शिवाजी महाराज कॉलेज के नामकरण जैसे कार्यों की सराहना हुई।आगे शिवाजी महाराज और जीजामाता की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए कार्य करने की योजना पर चर्चा की। अधिवेशन में वर्षभर की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। मराठा समाज के लिए नई योजनाओं का निर्माण पर चर्चा हुई। साथ ही समाज की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का समाधान खोजने पर विचार मंथन किया गया।




### मराठा आर्थिक विकास बोर्ड का गठन करने की मांग

अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुनील महाजन ने मराठा समाज के लिए आर्थिक विकास बोर्ड बनाने की मांग की।मराठा समाज कृषि पर निर्भर है और हर वर्ष प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित होता है। कुनबी जाति के तहत आरक्षण का लाभ मिलता है, लेकिन मराठा जाति लिखने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। श्री महाजन ने कहा की समाज की आर्थिक उन्नति के लिए यह बोर्ड आवश्यक है।

### संघठन का विस्तार:

- वर्तमान में 35 जिलों में सक्रियता।
- विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग कक्ष जैसे कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय, सहकारिता।
- युवा वर्ग के लिए वीर भगत सिंह विद्यार्थी परिषद का गठन।
- संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत बनाने का संकल्प।

# सीवरेज चोक, सड़क, नालियों में कचरा, पेयजल लाइन फूटी, शहर में दम तोड़ रही व्यवस्थाएं

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। शहर में सीवरेज से लेकर पेयजयल और सफाई व्यवस्था में लाखों रुपये किराये की गाड़ियां चलाने तक खुलेआम भ्रष्टाचार और मनमानी हो रही है। शहर में सफाई की हालत बद से बदतर हो रही है और बिल बढ़ते जा रहे हैं। आम लोग तो दूर विपक्ष के जनप्रतिनिधियों तक की बातें अनसुनी हो रही हैं। नगर निगम में जिम्मेदारों की उदासीनता से आम लोग परेशान हैं।**




यह शिकायतें कांग्रेस पार्षद दल और अन्य नेताओं ने संभागायुक्त संजय गुप्ता को करते हुए उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, वरिष्ठ नेता राजीव रावत, यास्मीन शेरानी, हितेश पैमाल आदि कलेक्ट्रेट पंहुचे जहां संभागायुक्त गुप्ता से भेंट की। इस दौरान कलेक्टर राजेश बाथम भी वहां मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि निगम में सफाई के नाम पर लाखों की मशीनें किराये पर चलवाई जा रही हैं, दूसरी ओर सड़कों पर कचरे के ढ़ेर नहीं उठ रहे हैं। कर्मचारी नदारत हैं, अधिकारी कभी फील्ड में नहीं आते। सड़क निर्माण की जांचें चल रही हैं। पेयजल पाइप लाईन लीकेज और फूटी होने से गंदा पानी मिल रहा है। आए दिन मोर्टर खराब होने से शहर वासियों को पेयजल नहीं मिलता। सीवरेज व्यवस्था चरमरा चुकी हैं। लोगों के घरों में गंदगी लौटकर भर रही है। विशेषकर कांग्रेस पार्षदों के क्षेत्रों में जानबूझाकर काम नहीं किया जा रहा है।

### हाईकोट का आदेश, लेकिन नहीं हटे एमआईसी सदस्य

इस दौरान पूर्व पार्षद और वरिष्ठ नेता राजीव रावत ने एमआईसी सदस्य भगतसिंह भदौरिया के खिलाफ भी शिकायत की। उन्होंने कहा कि नगर निगम एक्ट में कानून है कि कोई भी पार्षद या महापौर जिसे 2 वर्ष से अधिक की सजा सुनाई जा चुकी हो, वह पद पर नहीं रह सकता है। परंतु रतलाम नगर निगम में एमआईसी सदस्य भगतसिंह भदौरिया को न्यायालय ने गंभीर धाराओं में 7 साल की सजा सुनाई है, इसके बावजूद न केवल वे पार्षद बने हुए हैं बल्कि उन्हें पद से जुड़े सभी लाभ भी दिए जा रहे हैं। हाल ही इंदौर हाईकोर्ट की बैंच ने याचिका पर शासन एवं संभागायुक्त को 60 दिन के अंदर इस प्रकरण का निपटारा करने के आदेश भी दिए हैं।

### एमआईसी सदस्य भदौरिया को सजा के बाद भी पद से नहीं हटाने पर भी दिया पत्र, कांग्रेस नेताओं ने संभागायुक्त को दिया ज्ञापन

#### बाजार भाव

#### इंदौर मंडी

# दाल- दलहन में उठाव

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना आवक करीब 2000 बोरी। नीलामी 6500 - 6600 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6650 - 6800 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 4000 बोरी। नीलामी 1300 - 14000 रुपए।

**छावनी व्यापारिक मंडी (प्रति क्विंटल)** - चना कांटा 6700 - 6750 विशाल चना 6600 - 6650 डंकी चना 5800 - 600 मसूर 6000 - 6050 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8500 - 9700 रुपए क्विंटल।

तिलहन - सोयाबीन 4390 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5700 - 5900 एवरेज बारीक 5500 - 5600 रुपए।



**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 12200 - 12400 तुअर दाल सवा नंबर 11900 - 11900 चना दाल 8300 - 8400 एक्स्ट्रा बोल्ड 9500 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9600 - 9700 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**चावल भाव (प्रति क्विंटल)** - कोहिनूर बासमती वंड 14800 - 15300 तिबार 12400 - 12600 मिनी दुबार बासमती (921) 10300 - 10500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6800 - 9500 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार** - सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 640 - 800 काजू टुकड़ी 560 - 570 बादाम (देसी - आयातित) 680 - 790 किशमिश कंधारी 550 - 570 बेस्ट 610 - 690 रुपए किलो।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो)** - मूंगफली तेल इंदौर 1510 - 1520 मुबंई 1525 - 1530 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 1370 - 1380 सोया डीगम (बिना टैक्स ) 1260 - 1265 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 मुंबई पाम ऑइल 1365 - 1370 गुजरात कपास्या तेल 1240 - 1245 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2370 - 2380 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा** - 340 रुपए किलो।

इंदौर सराफा बाजार -
सोना 10 ग्राम 78100 रुपए।
चाँदी 92500 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।
सोना 2637 डॉलर प्रति औंस।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा मंडल के शक्ति केंद्र भंडारिया में बूथ अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ



**सतवास, निप्र।** भाजपा मंडल के शक्ति केंद्र भंडारिया के में बूथ अध्यक्ष का निर्वाचन प्रभारी दिनेशचंद्र पंचोली, मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश उपाध्याय, हुकुम पहलवान की उपस्थिति में सर्वानुमती से बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति के निर्वाचन कराए गए। सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रभारी पंचोली ने शुभकामना देते हुए पत्रक प्रदान किए। बूथ समिति में जगदीश जाट मसूरिया, बलराम पारीक जिनवाणी, मोजीराम नायक टांडी, मुकराम नायक मालागांव, बालकृष्ण वर्मा पांगरी सहित ग्यारह बूथ के निर्वाचन सम्पन्न हुए। निर्वाचन प्रभारी पंचोली ने बताया कि भाजपा में समर्पित कार्यकर्ताओं का बहुत सम्मान किया जाता है ओर समर्पित कार्यकर्ताओं को ही दायित्व दिया जाता है। इस अवसर पर नरेंद्र राठौर आदि उपस्थित थे।

### फुलुबाई सेंधव को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**देवास, निप्र।** मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना से किसानों के परिवारों को संबल प्रदान किया जा रहा है। इसी के तहत हाटपीपल्या तहसील के ग्राम मेंडिया में खेत में कृषि कार्य करते समय विद्युत करंट लगने से कृषक मेहरबान सिंह पिता भेरूसिंह सेंधव की मृत्यु होने से उनकी पत्नी श्रीमती फुलुबाई सेंधव को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। राज्य शासन की योजनाएं पीड़ित परिवारों के लिए संकट की घड़ी में मददगार बन रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आमजन की पीड़ा को समझते हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता के लिए कई जनहितैषी योजनाएं प्रारंभ की है। इन योजनाओं के लाभ से पीड़ितों को संकट की घड़ी में संबल मिल रहा है।

### एडवोकेट प्रिया कुशवाहा के आत्महत्या करने वाले प्रकरण में ससुर सास देवर को न्यायालय ने दोषी पाया, ससुर, सास और देवर को पांच-पांच साल की सजा सुनाई

**सोनकच्छ, निप्र।** चार वर्ष पूर्व क्षेत्र के ग्राम लोंदीया में ससुराल वालों से तंग आकर एडवोकेट प्रिया कुशवाहा ने अपने माता-पिता के घर पर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में ससुराल वालों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। चार साल चलें



इस प्रकरण में बुधवार को न्यायालय ने तीन लोगों को दोषी ठहराया। मृतिका प्रिया कुशवाहा एडवोकेट का विवाह सन् 2009 में खुजनेर जिला राजगढ़ में पवन सिंह पिता प्रेमनारायण कुशवाह के साथ हुआ था। दिनांक 19 फरवरी 20 को प्रिया के पति पवन की मौत दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी। मृतिका प्रिया के समुराल पक्ष के लोग जात समाज में मृतिका प्रिया को अपने पति पवन कुशवाह की मौत का कारण बता कर बदनाम कर प्रताड़ना देकर समुराल में नहीं आने दे रहे थे एवं मानसिक रूप से प्रताडित कर समाज में बदनाम करते थे इस कारण आरोपीगण से प्रताडित होकर प्रिया ने दिनांक 01 जुलाई 20 को अपने माता-पिता के घर ग्राम लोंदीया सोनकच्छ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मृतिका प्रिया के माता-पिता की रिपोर्ट पर मृतिका के सासुर,सास और देवर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। न्यायालय में चले प्रकरण में बुधवार को आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 306, 34 भादवी में अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया,प्रकरण विचारणोपरान्त अभियुक्त मृतिका के ससुर प्रेमनारायण,सास शशि बाई ,देवर शैलेन्द्र को अप धारा 306. भाद ?वी के दोषी पाते हुए माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महो. सोनकच्छ राकेश जमरा द्वारा अभियुक्त गण को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा दो दो हजार रुपए के अर्थ दण्ड ये दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की और से पेरवी गजराज सिंह कुशवाह अपर लोक अभियोजक ने की तथा विशेष सहयोग कोर्ट माहरिर जसवंत मिह पवार का रहा।

### कलेक्टर ने विकास कार्यों के लिए की भूमि हस्तांतरित

**शाजापुर, निप्र।** कलेक्टर ऋजु बाफना द्वारा लखुन्दर ग्रासजप्र योजना अंतर्गत शाजापुर जिले की तहसील शुजालपुर के ग्राम जामनेर में ओव्हरहेड टेंक और पहुंच मार्ग निर्माण के लिए ग्राम जामनेर स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1713 कुल आवंटित रकबा 0.0745 हेक्टर तथा भूमि सर्वे क्रमांक 783 कुल आवंटित रकबा 0.0745 भूमि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को हस्तांतरित की गई है।

### जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 28 को

**शाजापुर, निप्र।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति, समीक्षा समिति डीएलसीसी, डीएलआरसी की बैठक आगामी 28 नवम्बर 2024 को शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय सभागृह शाजापुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में स्व सहायता समूहों का बैंक लिंकेज एवं बचत खाता खोलना, पीएमएफएमई योजना, पीएम स्वनिधि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन के लिए केसीसी, राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, स्वरोजगार योजना एवं आर्थिक कल्याण योजना, अन्य शासकीय योजनाओं की प्रगति, वित्तीय समावेशन, सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। साथ ही वार्षिक साख योजना 2024-25, यूनिफार्म बैंकिंग समय, जनसुरक्षा अभियान पर भी चर्चा होगी।

### लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**शाजापुर, निप्र।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पहुंचे। बुधवार को कार्यपालन यंत्री डेहरिया ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर यहां मरीजों को दी जाने वाली दवाईयों सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई भीषण आगजनी में कई मासूमों की जान चली गई थी, जिसके बाद शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना ने जिला मुख्यालय के डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। यह अधिकारी निर्धारित दिवसों में चिकित्सालय का भ्रमण कर ओपीडी, ओपीडी में चिकित्सकों की उपलब्धता, पैथालॉजी, एक्स-रे, दवा वितरण केन्द्र, एमसीएच भवन, मेटरनिटी विंग, ओटी, एसएनसीयू तथा साफ-सफाई का निरीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन कलेक्टर को देंगे। दो दिनों में दो अधिकारी अस्पताल का निरीक्षण कर चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व्हीएस चौहान माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्रकुमार शर्मा द्वितीय एवं चतुर्थ सोमवार, जिला पेंशन अधिकारी जीएल गुवाटिया प्रथम एवं तृतीय मंगलवार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनीषा वास्कले प्रत्येक माह के एक रविवार को जिला चिकित्सालय का भ्रमण कर निरीक्षण करेंगी।

# सीएमएचओ रेफरल के लिए एसओपी बनाएं, हर किसी मरीज को रेफर नहीं करें

## हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विधायक हाटपीपल्या चौधरी और कलेक्टर गुप्ता की उपस्थिति में हुई आयोजित

विनय उजाला

**देवास, निप्र। हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी और कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई।**

बैठक में जिलाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। बैठक सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम बागली आनंद मालवीय सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विद्युत विभाग में हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी। हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में विभाग द्वारा एसएसटीडी और आरडीएसएस अंतर्गत किये कार्यों की जानकारी दी। बैठक में बताया गया की हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में 198 ट्रांसफॉर्मर स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 111 ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं। दिसंबर तक सभी जगह पर ट्रांसफॉर्मर लग जाएंगे। जहां ट्रांसफार्मर से आईल चोरी होने की संभावना रहती वहां पेट्रोलिंग की जा रही है। विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि ट्रांसफार्मर लगाने का काम व्यवस्थित हो इसका विशेष ध्यान रखें। कार्य धीमी गति से होने पर किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए ट्रांसफार्मर लगाने या काम शीघ्र किया जाए। ट्रांसफार्मर से आईल चोरी होने पर एफआईआर दर्ज कराये। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि मल्टीपल फीटर लगाए जिससे कि एक जगह लाइट बंद होने पर दूसरी जगह पर कोई असर नहीं हो। तार जगह से टूट रहे हैं, टूटे हुए खंबे और तारों को ठीक करें। विद्युत विभाग शिकायतों का निराकरण शीघ्र करें।

### जल जीवन की 108 योजनाएं स्वीकृत

पीएचई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत 108 योजनाएं स्वीकृत है। 108 नल जल योजनाओं में से 50 योजनाएं पूर्ण हो चुकी है, 18 योजनाओं में काम चल रहा है और 32 योजनाएं हैंडओवर हो गई है। कलेक्टर श्री गुप्ता निर्देश दिये कि नल जल योजना कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर पंचायत को हैंड ओवर करें। नल जल योजना का संचालन स्व सहायता समूह के माध्यम से करें और जलकर भी वसूल करें।

### शिप्रा नदी पर सात बैराजों का होना है निर्माण

जल संसाधन विभाग के



अधिकारियों ने हाटपीपल्या विधानसभा अंतर्गत सिंहस्थ 2028 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि क्षिप्रा नदी पर 26 करोड़ 90 लाख रूपये की लागत से 7 बैराजों का निर्माण किया जाना है। क्षिप्रा नदी पर स्नान सुविधा के लिए 32 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत से घाटों का निर्माण किया जाना है। हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा कर प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में हाटपीपल्या माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

### नगर परिषद में डले पाइप लाइन

जल निगम की समीक्षा कर अधिकारियों को हाटपीपल्या नगर परिषद में पानी की व्यवस्था के लिए पाइपलाइन शीघ्र डालने के निर्देश दिए। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि हाटपीपल्या में कार्य धीमी गति से चल रहा हैं। हाटपीपल्या में नर्मदा पाईपलाईन का कार्य नहीं होने से वहां रोड नहीं बना पा रहे है।

### हर बैठक में काम की प्रगति बताएं

कलेक्टर श्री गुप्ता ने एमपीयूडीसी के अधिकारियों निर्देश दिये कि हर टीएल बैठक में कार्य की प्रगति की जानकारी दें। पाइपलाइन डालने के लिए अलग टीम, टंकी बनाने के लिए अलग टीम और रोड रिपेयरिंग के लिए अलग टीम बनाएं। बैठक में बताया गया कि हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नर्मदा का जल मार्च 2025 तक पहुंच जाएगा।

### हर मरीज को नहीं करे रेफर

समीक्षा बैठक में ईई आरईएस को निर्देश दिये कि विधानसभा क्षेत्र में बनाये जा रहे स्टाप डेम और विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य शीघ्र पूर्ण करें। स्वास्थ्य विभाग की निर्माणधीन स्वास्थ्य संरचना की जानकारी और कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि सिविल हॉस्पिटल हाटपीपल्या में दो डॉक्टर और तीन नर्स ही है, जिस पर वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए गये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि रेफरल के लिए एसओपी बनाएं किसे रेफरल करना है किसे नहीं। हर किसी मरीज को रेफर नहीं करें। सीएमएचओ को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचसी का निरीक्षण करें।

### महिलाओं को बनाया जा रहा सक्षम

बैठक में बताया गया है कि विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को सहायता समूह के माध्यम से सक्षम बनाया जा रहा है। हाटपिपलिया विधानसभा क्षेत्र में कोई भी स्व सहायता समूह एनपीए नहीं है। विधानसभा क्षेत्र में 288 युवाओं को स्व रोजगार का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 148 युवाओं ने स्वरोजगार स्थापित किया और रोजगार मेलों के माध्यम से 212 युवा को कंपनियों में चयनित हुए। नल जल योजना में स्व सहायता समूह के माध्यम से जलकर वसूली का कार्य किया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विधानसभा क्षेत्र में 32 राशन दुकानों का संचालन भी किया जा रहा है। बैठक में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मध्य प्रदेश सडक विकास निगम की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### दो ब्रिज का चल रहा काम

पीएमजीएसवाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र में दो ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, जो शीघ्र पूर्ण हो जायेंगे। विधायक श्री चौधरी ने समीक्षा के दौरान पीएमजीएसवाय विभाग के अधिकारियों निर्देश दिए विधानसभा क्षेत्र में बारिश में खराब हुई सड़कों को शीघ्र रिपेयर करें। कुछ गांवों में सड़के बारिश में बहुत ज्यादा खराब हो गई है, उन सड़कों को शीघ्र सुधारे। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा कर विभाग अंतर्गत बनाए जा रहे रोड का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए की क्षिप्रा में 600 मीटर का रोड बहुत खराब है जिसे शीघ्र ठीक किया जाए। पीयूआईयू विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र में चार कार्य स्वीकृत है, जिसमें तीन कार्य प्रगतिरत है और एक कार्य भी शुरू नहीं हुआ है। जिस पर प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने और जो कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है उसे शीघ्र शुरू करने दे निर्देश दिये।



# चौहान के हुए नेत्रदान

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई सोनकच्छ द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प के प्रति नगर में जन जागृति की लहर चल रही है ।मंगलवार को त्रिलोक चौहान के भाई, सचिन, नितिन के पिताजी कैलाशचंद्र चौहान का असामयिक निधन हो गया। इस गहन दुख की घड़ी के बावजूद भी शोकाकुल परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। नेत्रदान के लिए एम.के .इंटरनेशनल आई बैंक को सूचना दी गई वहां से सीनियर टेक्नीशियन गोपाल सिरोंके ने आकर सफलता पूर्वक नेत्रदान संपन्न कराया ।इस पुनीत कार्य के लिए चौहान परिवार को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।नेत्रदान संपन्न करवाने में म.प्र.वैश्य महासम्मेलन के उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी ,नेत्रदान प्रभारी हुकमचंद अग्रवाल ,वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई सोनकछ अध्यक्ष सुरेशचंद्र मूंदड़ा का सहयोग रहा ।नगर में चल रहे नेत्रदान के पुनीत प्रकल्प की सर्वत्र सराहना की जा रही है ।यह नगर में 41 वाँ नेत्रदान है।

### महाविद्यालय में महिला उधमिता दिवस मनाया

**सोनकच्छ, निप्र।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सोनकच्छ में *महिला उद्यमिता दिवस* कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में डॉ सुधीर महाजन ने महिला उद्यमी के समक्ष आने वाली चुनौतियों एवं उपलब्ध अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को बताया। डॉ अंजलि अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को अलग-अलग क्षेत्र में रोजगार के अवसर कैसे प्राप्त कर सकते हैं और अपना स्वयं का उद्यम कैसे शुरू कर सकते हैं, पर अपनी बात रखी । डॉ मुकेश कुमार सांवले ने उद्यमि हेतु आवश्यक योग्यता एवं विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आभार डॉ. वंदना नामदेव ने माना , कार्यक्रम का संचालन प्रो. सौदान सिंह डालमिया ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के प्रभारी डॉ. बी एल पाटीदार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी के बैठक कक्ष में सीहोर में संपन्न

विनय उजाला



**सीहोर, निप्र।** 20 नवंबर को भारतीय किसान संघ जिला सीहोर कि मासिक बैठक दिन बुधवार को कृषि उपज मंडी सीहोर के बैठक कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें समय पर गुणवत्ता खाद की पर्याप्त व्यवस्था हो जिले में बिजली की व्यवस्था व संगठन के विस्तार को लेकर विशेष रूप से चर्चा एवं जिला कार्यकारिणी मैं कार्यकर्ताओं को प्रांत प्रदेश के निर्देश अनुसार विभिन्न अलग-अलग आयामों की जिम्मेदारी सौंप गई।

सीहोर जिले की तहसील प्रभारीयो की नियुक्ति की गई जिसमें सीहोर मोहन पाटीदार श्यामपुर धर्मेंद्र पार्टी पटेल इछावर ईश्वर लाल आर्य जावर कमल सिंह यादव बुधनी रहटी भेरूंदा सचिन पटेल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया । आयामों में जिम्मेदारी बीज प्रमुख सचिन पटेल पशुपालन मोतीलाल मंडलोई राजस्व विभाग प्रेम दांगी चल ईश्वर लाल आर्य मंडी वीरेंद्र सेन प्रचार प्रमुख प्रेम दांगी रोजगार गजराज सिंह ठाकुर बिजली राकेश वर्मा सहकारिता कमल सिंह यादव जैविक मोहन पाटीदार कृषि रतन सिंह ठाकुर उद्यानिकी विक्रम सिंह ठाकुर वैज्ञानिक कृषि धर्मेंद्र पटेल बीमा ज्ञान सिंह मेवाड़ आदि को आयाम की जिम्मेदारी प्रदान की गई बैठक में मुख्य रूप से प्रांत युवा वाहिनी संयोजक संतोष पवार जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष गजराज सिंह ठाकुर वाहिनी संयोजक सचिन पटेल जिला मीडिया प्रभारी प्रेम दांगी जिला सह मंत्री मोहन पाटीदार जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र सेन तहसील मंत्री दीपक मीणा जितेन आर्य विनोद राठौड़ शिव नारायण मोतीलाल मंडलोई सीहोर तहसील अध्यक्ष अरविंद सहित जिला कार्यकारिणी एवं सभी तहसीलों के अध्यक्ष मंत्री मुख्य रूप से बैठक में शामिल रहे।

# थाना अहमदपुर पुलिस टीम की तत्परता ने गुमशुदा बालक को 6 घंटे के अन्दर सकुशल भोपाल से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र।** दिनांक 19/11/2024 को सूचनाकर्ता ने थाना अहमदपुर में आकर रिपोर्ट किया की मैं ग्राम सुआखेडी थाना अहमदपुर में रहता हूँ। दिनांक 19/11/2024 को सुबह मेरा बेटा स्कूल जाने की बोल गया था जो स्कूल भी नहीं पहुचा एवं घर पर वापस भी नहीं आया की रिपोर्ट पर थाना अहमदपुर में अपराध कर अनुसंधान में लिया गया। प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग निर्देशन एवं अनु.वि.अधिकारी पुलिस सुश्री पूजा शर्मा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी अहमदपुर अविनाश भोपले के नेत्रत्व में तत्काल बालक की तलाश हेतु अहमदपुर पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी अहमदपुर अविनाश भोपले द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करते सीसीटीव्ही कैमरो की मदद, तकनिकी सहायता मुखबिर तंत्र की सहायता से बालक को भोपाल से 06 घण्टे में सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की एवं दस्तियाब बालक को परिवार को सुपुर्द किया । गुम बालक के परिजनो ने अहमदपुर पुलिस की तत्परता एवं कार्यशैली की प्रशंसा कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सराहनीय योगदान :** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अहमदपुर उपनिरीक्षक अविनाश भोपले , उनि पुष्पेन्द्र सिह , आरक्षक 694 वीरेन्द्र सिह , आरक्षक 81 राजाबाबू भानेरिया, आरक्षक 402 विवेक राजपूत सराहनीय काम रहा है ।

### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**शाजापुर, निप्र।** अवैध शराब के विरूद्ध सतत् अभियान चलाए जाने के तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी शाजापुर निधि जैन के मार्गदर्शन में वृत्त शाजापुर



एवं शुजालपुर में कार्रवाई की गई। रोड गश्त और दबिश के दौरान 500 किग्रा लाहन, 8 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 13 पाव प्लेन मदिरा जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) और (च) के तहत 03 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक पंकज जैन, सुरेश पटेल, मीनाक्षी, आबकारी आरक्षक राकेश जमरा, अमित शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## बंदोबस्त नहीं होने के कारण नक्शा और मौके की स्थिति में काफी भिन्नता हो गई है बंदोबस्त कराया जाए

# राजस्व महाभियान 3.0 में आ रही समस्याओं एवं मांगों को लेकर पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। राजस्व महाभियान में पटवारियों को आ रही समस्याओं के समाधान एवं अन्य मांगों को लेकर पटवारी संघ के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार शाजापुर को ज्ञापन सौंपा गया।**

संघ के जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि लंबित नक्शा तरमीम बटांकन कार्य प्रदेश के पटवारियों से शासन-प्रशासन के द्वारा डंडे के बल पर राजस्व महाभियान के रूप में करवाया जा रहा है, जबकि यह न्यायालयीन प्रकृति का कार्य होकर जिसमें हितबद्ध पक्षकारों सहखातेदारों को संबंधित तहसील न्यायालय के द्वारा सुना जाना आवश्यक होता है। राजस्व महाभियान में नक्शा तरमीम का कार्य वृहद स्तर पर पूर्ण किया जा चुका है, शेष बचे बटांकन नक्शा तरमीम विवादित प्रकृति की होने से उन्हे सक्षम राजस्व न्यायालय द्वारा सुना जाना आवश्यक है। नक्शा तरमीम के कार्य में पटवारी द्वारा प्रस्तावित नक्शा तरमीम को राजस्व निरीक्षक को मौके पर जाकर जांच की जाती है जिसमें समय लगता है, पक्षकारों को सुनवाई करनी होती है। अनुभाग शुजालपुर तहसील शुजालपुर, कालापीपल, अं. बड़ोदिया, पोलायकलां के लगभग 95 प्रतिशत गांवों का एवं जिले में अन्य बहुत सारे ग्रामों का बंदोबस्त नही हुआ है, वर्ष 1925 में बंदोबस्त हुआ था जिसकों लगभग 100 वर्ष हो चुके हैं, मप्र भू-राजस्व संहिता के अनुसार बंदोबस्त की अवधि 30 वर्ष की रहती है, 30 वर्ष बाद पुन: बंदोबस्त किया जाना चाहिए, परंतु शासन द्वारा एक भी बंदोबस्त नही



कराया जबकि इस अवधि में लगभग तीन बंदोबस्त होना था बंदोबस्त नही होने के कारण नक्षा और मौके की स्थिति में काफी भिन्नता हो गई है बंदोबस्त कराया जाए, अनुभाग शुजालपुर के अधिकतर ग्रामों का वर्ष 1982-83 में चकबंदी हुई थी, चकबंदी में अभिलेख तो चकबंदी अनुसार बना दिए परंतु मौके पर उसके अनुसार कब्जा परिवर्तित नही हुआ जिस कारण मौका अभिलेख आपस में मेल नही होता है। मौके पर कोई और भूमिस्वामी बैठा है तथा अभिलेख में किसी और भूमिस्वामी का नाम दर्ज है इसमें सुधार किया जाए, शामिल खसरा की व्यापक समस्या है, बहुत सारे खसरा नंबरों को शामिल कर रकबा संयुक्त दर्ज किया गया है, खसरे में रकबा पृथक-पृथक दर्ज नही होने से रकबा पृथक किया जाना संभव नही है, पूर्व अभियान में जिन नंबरों का रकबा पृथक-पृथक दर्ज था उन्हे पृथक किया जा चुका है, अत: शासन नक्शा तरमीम के कार्य को राजस्व महाभियान के रूप में नही करवाए, इस कार्य को अभियान से पूर्णत- मुक्त रखा जाए, ईकेवायसी फार्मर रजिस्ट्री में शासन द्वारा बनाए गए एप्प पोर्टल को इतना अधिक जटिल बनाया गया है कि किसी भी किसान के नाम में अल्पत्रुटि होने पर भी ईकेवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाती है, जिससे किसान अनावश्यक उक्त स्थानों पर भटक कर परेशान होता है। उक्त कार्य की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए, प्रदेश के पटवारियों पर अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव न बनाया जाए, साथ ही अलग-अलग प्रकार के पोर्टल को समाप्त कर एक ही पोर्टल पर सभी योजनाओं की ईकेवायसी करवाई जाने की व्यवस्था की जाए, पटवारियों की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण के संबंध में शासन द्वारा पटवारियों को मोबाईल एवं लैपटाप क्रय करने हेतु बजट उपलब्ध करवाया जाए, तहसील कार्यालय में 5जी नेट कनेक्टीविटी उपलब्ध करवाई जाए, शासन के विभिन्न सॉफ्टवेयरों एवं एप्प में आ रही तकनीकी त्रुटियों को दूर किया जाए ताकि पटवारी द्वारा सुविधापूर्वक अभियान का कार्य पूर्ण किया जा सके, पूर्व में संचालित राजस्व महाभियानों में केवल और केवल पटवारियों द्वारा कार्य किया जाता रहा है, जबकि शेष समस्त अधिकारी दिन में तीन से चार बार एक ही कार्य की समीक्षा कर पटवारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं एवं दण्डात्मक कार्रवाई करते हैं। ज्ञापन में समस्या समाधान की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि पटवारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई तो अभियान का बहिष्कार किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित थे।

# आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के समग्र विकास का बड़ा कदम



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**21 नवम्बर, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे**
**सामाजिक न्याय परिसर उज्जैन, मध्यप्रदेश**



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं

- **550** बिस्तरीय शिक्षण अस्पताल
- **24x7** आपातकालीन सेवा
- **150** एम.बी.बी.एस. सीट की प्रवेश क्षमता
- जनरल एवं सुपर स्पेशलिटी ओपीडी




### मेडिसिटी में सुविधाएं

- सुपर-स्पेशलिटी एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- डायग्नोस्टिक सेंटर, फार्मेसी
- चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र
- विभिन्न उपचार हेतु वेलनेस केन्द्र
- आयुष अस्पताल
- पैरामेडिकल कॉलेज
- एकीकृत एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा
- ईको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर
- स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा

D11103/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #MediCityUjjain

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.